

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 289

ग्वालियर, सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### दो मजिंला मकान मे लगी आग, छत पर फंसे परिवार वालो को रस्सी के सहारे उतारा गया

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा इलाके में स्थित विश्वकर्मा नगर मे उस समय हडंकप मच गया जब यहाँ बने एक दोमंजिला मकान में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही दमकले और पुलिस टीम मौके पर जा पहुंची। ओर जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। हादसे के समय घर में महिलाएं ओर बच?चे थे, जो घबराकर मकान की छत पर चले गये थे, जिन्हे टीम ने रस्सी के सहारे सकुशल नीचे उतार लिया। आशंका है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा नगर में स्थित एक दोमंजिला मकान के रहवासियों ने अचानक दरवाजे के पास धुआं उठता देखा। वहीं घर मे धुआं देख परिवार के लोग भी घबरा गए और बचने के लिए भागकर छत पर चले गये। थोडी ही देर मे आग भड़क गई ओर पूरे घर में धुआं फैल गया। आग बुझाने के लिये आस पडोस के लोगो ने तुंरि ही आग बुझाने के प्रयास शुरु करते हुए फायर बिग्रेड और पुलिस को भी सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पुलिस बल के साथ मिलकर टिन पर चढ़ छत से रस्सी के सहारे बच?चों व महिलाओं को सकुशल नीचे उतारा। इस बचाव अभियान के दौरान थाना निशातपुरा के एएसआई रमेश सागर के हाथ भी मामूली रूप से झुलस गए।

### सांसद वरुण गांधी लाए एमएसपी को कानूनी गारंटी देने वाला निजी विधेयक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद वरुण गांधी ने किसानों की मांग को एक बार फिर अपना समर्थन दिया है। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी बनाने वाला एक निजी विधेयक रखा है। इस विधेयक का नाम 'द फार्मर्स राइट टू गारंटीड मिनिमम सपोर्ट प्राइस रिएलाइजेशन ऑफ एग्री प्रोड्यूस बिल 2021' है। इसका मकसद 22 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी प्रदान करना है। इसमें उत्पादन की व्यापक लागत पर 50 फीसदी के लाभांश पर एमएसपी निर्धारित करने का प्रावधान है। वरुण गांधी ने संसद में इस विधेयक जमा करा दिया है। लेकिन अभी इसे पेश किया जाना बाकी है। विधेयक में इस बात की व्यवस्था है कि एमएसपी से कम कीमत हासिल करने वाला कोई भी किसान प्राप्त मूल्य और गारंटीशुदा एमएसपी के बीच मूल्य के अंतर के बराबर मुआवजे का हकदार होगा। वरुण गांधी के दिए गए इस विधेयक में इस बात का भी प्रावधान है कि खरीद-बिक्री के दो दिन के भीतर भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधा जमा कर दिया जाना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार ने 19 नवंबर को 3 कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने बिल पेश कर कानून वापस भी ले लिए। इसके बाद बीजेपी सांसद वरुण गांधी इस विधेयक को लेकर आए हैं। मोदी सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसान पिछले एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे थे। सरकार से समझौता होने के बाद किसानों ने अब अपना धरना खत्म कर दिया है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना के अधिकारी ने की आत्महत्या

**बनिहाल।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक शिविर में सेना के 29 वर्षीय मेजर ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के निवासी मेजर परविंदर सिंह शनिवार रात बनिहाल के खारी इलाके के महूबल में शिविर के अंदर अपने आवासीय क्वार्टर में थे और उसी समय उन्होंने एके राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया अधिकारी हाल ही में कंपनी कमांडर के रूप में शिविर से जुड़े थे। अधिकारियों ने बताया कि अधिकारी के इस कदम उठाने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बुलेट पर बिना हेलमेट पहने बनाया वीडियो, यूपी पुलिस ने काट दिया 14 हजार का चालान

**कानपुर।** आमतौर पर सोशल मीडिया पर कोई भी वीडियो तेजी से वायरल हो जाता है, इसी बीच उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में बुलेट पर बैठे हुए वीडियो बनाया है। इसमें खास बात यह है कि शख्स ने हेलमेट नहीं पहना हुआ है। वीडियो में दिख रहे शख्स का नाम खालिद अहमद है और इसपर कानपुर ट्रैफिक पुलिस ने 14 हजार रुपए का चालान भेज दिया है। खालिद ने अपने बयान में बताया कि उन्होंने इसका चालान बहुत पहले भर दिया है और यह वीडियो 6-7 महीने पहला का है, जो अब ज्यादा वायरल हो रही है। खालिद ने यह वीडियो किसी म्यूजिकल एप में बनाया है और इस वीडियो में वह गाने की लिपसिंग करते नजर आ रहे हैं।

**देश किसानों, मजदूरों, गरीबों का है, मै हिन्दू हूं हिन्दूत्वादी नहीं, नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आत्मा में , चाकू मारा है, कांग्रेस की महारैली में बिपिन रावत को भी 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई**

# देश में आज जो हालात है वे शायद पहले नहीं थे: राहुल गांधी

**जयपुर।** प्रदेश की राजधानी जयपुर के विधाधरनगर स्टेडियम में आज कांग्रेस की महारैली आयोजन हुआ जिसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, राहुल गांधी, केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आज देश मे जो हालत है शायद पहले कभी नहीं हुए. देश को जनता नहीं चला रही है, 4-5 पूंजीपति चला रहे है राहुल गांधी ने कहा कि दो शब्दों का एक मतलब नहीं हो सकता हर शब्द का अलग मतलब होता है. देश की राजनीति में आज दो शब्दों के मतलब अलग है 2 जीवों की एक आत्मा नहीं हो सकती वैसे ही दो शब्दों का एक मतलब नहीं हो सकता हर शब्द का अलग मतलब होता है। राहुल गांधी ने कहा कि महारैली में दो शब्दो का अंतर बताते हुए कहा कि इन दो शब्दों के मतलब अलग है. एक शब्द हिंदू और दूसरा शब्द हिंदुत्ववादी है. ये एक शब्द नहीं है, ये दोनों अलग है मैं हिंदू हूं लेकिन मैं हिंदुत्ववादी नहीं हूं. महात्मा गांधी हिंदू थे और नाथूराम गोडसे हिंदुत्ववादी थे।



राहुल ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, हिन्दू सत्य को ढूंढता है. मर जाए, कट जाए हिन्दू सच को ढूंढता है. उसका रास्ता सत्य रहा पूरी जिन्दगी वो सच को ढूंढने में निकाल देता है. जबकि हिंदुत्ववादी पूरी जिंदगी सत्ता को ढूंढने और सत्ता पाने में निकाल देता है। उन्होने कहा कि हिंदू खड़ा होकर अपने डर का सामना करता है. वह अपने डर को शिवजी जैसे पी लेता है हिंदुत्ववादी अपने डर के सामने झुक जाता है. डर से हिंदुत्ववादी के दिल में नफरत पैदा होती है आप सब हिंदू हो, हिंदुत्ववादी नहीं. इन लोगों को किसी भी हालत में सत्ता चाहिए. महात्मा गांधी ने कहा कि मैं सच्चाई चाहता हूं. लेकिन ये लोग कहते है मुझे सत्ता चाहिए, सच्चाई से कुछ लेना नहीं. 2014 से हिंदू नहीं हिंदुत्ववादी का राज है। उन्होने कहा कि रामायण, महाभारत, गीता पढ़िए, कहां लिखा है गरीब को मारिए, कमजोर को कुचलिए. गीता में लिखा है सत्य की लड़ाई लड़ो, ये झूठे हिंदू हिंदुत्ववादी का ढिंढोरा पीटते हैं भारत की 1 प्रतिशत आबादी के हाथ में 33 प्रतिशत धन है, जबकि सबसे गरीब 50 प्रतिशत के हाथ में देश का सिर्फ 6 प्रतिशत धन है. महंगाई, जीएसटी, तीन काले कानून से इतना फर्क आया है। राहुल ने कहा कि किसानों को कर्जा माफी की जरूरत है नरेंद्र मोदी ने किसानों की आत्मा में चाकू मार दिया है. राहुल ने कहा- देश की सरकार कहती है कि कोई किसान शहीद ही नहीं हुए. मैंने पंजाब के लिए, हरियाणा से नाम लिए, पांच सौ लोगों की लिस्ट संसद में दी. उनसे कहा कि पंजाब की सरकार ने कंपनसेशन दिया है, आप भी दीजिए। राहुल ने कहा कि देश गरीबों, किसानों, छोटे दुकानदारों का है, ये ही लोग इस देश को रोजगार दे सकते हैं. अडानी अंबानी की जगह है लेकिन वो रोजगार पैदा नहीं कर सकते. रोजगार छोटे बिजनेस वाले, किसान पैदा कर सकते हैं। महंगाई हटाओ देश बचाओ महारैली को सम्बोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि देश प्रदेश की जनता आज संकट में आज गैस 1000 पार के पार पहुंच गई है और मोदी सरकार किसानों को खाद्य नहीं दिला पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर्यटन में व्यस्त है और उद्योगपतियों को पैसा कमवाने में व्यस्त है किसान एक दिन में मात्र 27 रूपये कमा रहा है और ये कांग्रेस से पूछते है कि कांग्रेस ने 70 सालो में क्या किया मै मोदी सरकार से पूछना चाहती हूं कि आपने सात सालो में क्या किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि हवाई जहाज कांग्रेस ने बनाया और सरकार उन्हीं दोस्तो को बेचना चाहती है और राजस्थान बारे में कहा कि राजस्थान सरकार की नीयत सही है और कहा कि आज जागरूक बने भाजपा की सरकार को जवाबदेह बनाये किस वजह से इतनी महंगाई है किसानों का बकाया क्यों नहीं देते हो किसान क्यों मर रहा है मजबूत भविष्य आप सरकार से मागियें। उन्होने कहा कि ये लड़ाई सोनिया की लड़ाई है, राहुल गांध की लड़ाई है महंगाई के हटाने की लड़ाई है इस प्रयास में हम पीछे नहीं हटयेंगे।

### जयपुर रैली राहुल की अघोषित ताजपोशी , इसकारण मंच पर कोच और मार्गदर्शक के रुप में रही सोनिया

**जयुपर।** राजस्थान के जयपुर में कांग्रेस पार्टी ने महंगाई के बहाने केंद्र सरकार की घेराबंदी की ।हालांकि, महंगाई हटाओ रैली% से पार्टी को कितना फायदा होगा, आने वाला समय बताएगा, फिलहाल कांग्रेस ने संदेश जरूर दे दिया है कि फिर पार्टी की बागडोर राहुल गांधी के हाथ में सौंपी जा रही है। मंच पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी मौजूद जरूर रहीं, लेकिन भारी संख्या में उमड़े पार्टी समर्थकों को उनके मुंह से एक शब्द भी सुनने को नहीं मिला ।लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की बागडोर संभालने वालीं सोनिया की चुप्पी ने ही वह सब कह दिया, जो बताने के लिए संभवत- रैली का आयोजन किया गया था। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की वजह से राहुल गांधी ने इस्तीफा दे दिया था। तब से ही सोनिया अंतिरम अध्यक्ष के तौर पर पार्टी की बागडोर संभाल रही हैं। संगठन चुनाव को लेकर पार्टी में उठती आवाज के बावजूद कांग्रेस ने नए अध्यक्ष के चुनाव को सितंबर 2022 तक टाल दिया है। पार्टी में बागी रुख अपना कुछ नेता दबी जुबान में गांधी परिवार

### बेहिसाब बढ़ती महंगाई के बीच कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही केंद्र सरकार : प्रियंका

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनता की भलाई नहीं चाहती। वह गिने चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। यहां कांग्रेस की 'महंगाई हटाओ महारैली' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा जो सरकार केंद्र में है, वह तय है कि जनता की भलाई नहीं चाहती। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि केंद्र सरकार आपके लिए काम नहीं कर रही है। किसके लिए काम कर रही है।

### आम आदमी का प्रतिनिधित्व नहीं करते पीएम मोदी, मनमाने कामों से नहीं चलता देश : गहलोत


**जयपुर।** जयपुर में आयोजिक कांग्रेस की महारैली को संबोधित करते हुए सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो मुख्यमंत्री तक के पत्रों तक का जवाब नहीं देंते हैं। इससे आप समझ सकते हैं कि देश किस दिशा में जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार और पीएम मोदी आम आदमी का प्रतिनिधित्व नहीं करते है।


## यूपी चुनाव को लेकर टिकैत ने कहा, चुनाव आचार संहिता लगाने के बाद कुछ बोलूंगा

**गाजियाबाद।** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि चुनाव अचार संहिता लग जाने दें, तब इस बारे में बात करूंगा। तीन कृषि कानून की वापसी के बाद गाजीपुर बॉर्डर पर जमे किसान घर लौट रहे हैं।रविवार सुबह भी किसान ट्रैक्टर और ट्रक पर डीजे बजाते हुए सामान लेकर घर जाते दिखे। इस दौरान राकेश टिकैत भी वहां मौजूद थे।किसानों के साथ महिलाएं और उनके बच्चों ने जाने से पहले राकेश टिकैत से मुलाकात की और फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान टिकैत ने कहा कि किसान जीत के साथ घर लौट रहे हैं, सभी खुश हैं।ये पल भावुक करने वाला है।ये सभी को याद आएंगे।यहां कोई किसी को नहीं जानता था, लेकिन आंदोलन के दौरान एक परिवार बन गया।टिकैत ने कहा कि मीडिया वाले भी याद आएंगे।आपलोग हमें रोजाना कुछ खट्टी-मिठी और नरम-गरम खबर देते थे। यूपी चुनाव में योगी सरकार के विरोध के सवाल पर टिकैत ने कहा कि अभी चुनाव आचार संहिता लगने दो, किसानों को घर पहुंच जाने दो, उसके बाद तय करूंगा कि क्या करना है।जब पूछा गया कि आपकी नाराजगी,तब कृषि कानून को लेकर सरकार से थी,तब सरकार ने वापस ले लिया।







## न्यूज़ ट्रैक....

### आईओए अध्यक्ष पद के चुनावों में उतरेंगे राजनाथ के बेटे पंकज

**नई दिल्ली** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे और नोएडा के विधायक पंकज सिंह अब भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। पंकज इसी साल अगस्त में भारतीय तलवारबाजी संघ (एफएआई) के अध्यक्ष बने थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पंकज को जहां कई ओर से समर्थन मिला हुआ है। वहीं वर्तमान आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा कठिन हालातों से गुजर रहे हैं क्योंकि दिल्ली हाईकोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा की याचिका पर आईओए की कार्यकारी समिति के चुनाव पर रोक लगा दी थी। मेहरा ने अपनी याचिका में कहा था कि 19 दिसंबर को होने वाले प्रस्तावित चुनाव पूरी तरह से अवैध हैं और सुनवाई लंबित रहने तक चुनाव नहीं होने चाहिए। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ को 19 दिसंबर को होने वाले चुनावों को बाद में कराने की सलाह दी है पर संस्था से इसी तारीख को अपनी आम सभा का आयोजन करने का आग्रह किया है। आईओए अध्यक्ष बत्रा को भेजे गये पत्र में आईओसी ने कहा है कि आईओए संविधान में आवश्यक संशोधनों के बाद चुनाव अगले साल जनवरी का महीना समाप्त होने से पहले होने चाहिए।

### इन्दौर खंडवा को हरा जीता फाइनल

**इन्दौर** । शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित संभागस्तरीय अंतर जिला वालीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का खिताब इन्दौर जिला ने खंडवा जिला को हराकर अपने नाम किया। होलकर विज्ञान महाविद्यालय परिसर में हुई इस स्पर्धा में इन्दौर संभाग के आठ जिलों ने शिरकत की। खिताबी मुकाबले में इन्दौर जिला एकतरफा मुकाबले में खंडवा जिला को 25-8, 25-15 से पराजित कर सिरमौर बना। टूर्नामेंट में इन्दौर जिले के खिलाडि?ों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उसने खंडवा को भी आसानी से पराजित कर दिया। पुरस्कार वितरण प्राचार्य डॉ. सुरेश टी. सिलावट के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर डॉ. आर.सी. दीक्षित, डॉ. संजय व्यास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्वागत डॉ. पूनम भटनागर, डॉ. अंगूरबाला बाफना, डॉ. सीमावती सिसौदिया, डॉ. डागर, मनोज गुबरेले, डॉ. रजनीश, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. एस.के. यादव ने किया। संचालन डॉ. अनुपम शर्मा, विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव द्वारा किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अर्जुन सावले तथा फाइनल में श्रेष्ठ खिलाड़ी विकास केसवाल रहे।

### क्रिकेट इतिहास में पहली बार होंगे दिन-रात्रि के दो मैच

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में जारी एशेज सीरीज में दो टेस्ट मैच दिन-रात्रि के रखे गये हैं। यह पहली बार है जबकि किसी एक सीरीज में इस प्रकार से गुलाबी गेंद से दिन-रात्रि के दो मैच होने जा रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब एक ही सीरीज में दो दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सीरीज का दूसर टेस्ट मैच गुरुवार से एडीलेड में खेला जाएगा और यह दिन-रात्रि टेस्ट मैच होगा। मेलबर्न में 26 दिसंबर से 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट खेला जाएगा जबकि सिडनी को पांच जनवरी से चौथे टेस्ट मैच की मेजबानी का अवसर मिला है। वहीं 5वां और अंतिम टेस्ट मैच अगले माह होबार्ट में खेला जाएगा और यह दिन-रात्रि का मुकाबला होगा। होबार्ट में पहली बार कोई एशेज टेस्ट खेला जाएगा।

# पाक दौरे पर पहुंचे वेस्टइंडीज के तीन क्रिकेटर कोरोना पॉजिटिव पाये गये

**जमैका** । पाकिस्तान दौरे पर गये वेस्टइंडीज के तीन क्रिकेटरों के साथ ही एक सदस्य भी कोरोना संक्रमित पाया गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) के अनुसार शेल्डन कॉटरेल, ऑलराउंडर रोस्टन चेज और काइल मेयर्स पॉजिटिव पाये जाने के कारण सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गये हैं। इन सभी को पृथकवास में भेज दिया गया है। सीडब्ल्यूआई ने अपने एक बयान में कहा, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शेल्डन कॉटरेल, ऑलराउंडर रोस्टन चेज और काइल मेयर्स और एक गैर-कोचिंग स्टाफ सदस्य कराची में पॉजिचिव पाया गया है। इसलिए सीमित ओवरों की सीरीज में ये भाग नहीं लेंगे। साथ ही कहा कि संक्रमित पाये गये सभी खिलाड़ियों का टीकाकरण हुआ था और दौरे पर रवाना होने से पहले इनमें किसी में भी कोई लक्षण भी नहीं थे। ये सभी 10 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रहेंगे जब तक वे पीसीआर टेस्ट में नेगेटिव नहीं आते तब तक खेल से दूर रहेंगे।

इस बारे में सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी जॉनी ग्रेव ने कहा, पाक में पहुंचने के बाद हुए परीक्षण प्रोटोकॉल में 4 सदस्य कोविड -19 पॉजिटिव पाये गये हालांकि यह परीक्षण जब हुआ तब खिलाड़ी पहले से ही क्वारंटाइन में थे, ऐसे में यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है पर इसके बाद भी हम यह दौरा जारी रखेंगे क्योंकि बाकी सभी सदस्य निगेटिव पाये गये हैं। कोविड-19 संक्रमण के जोखिम को क्रिकेट दौरे से पूरी तरह से हटाना असंभव है, इस तथ्य के बावजूद कि हमारे कई साथ ही कहा कि ये सभी खिलाड़ी कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) से पहले से लगातार जैव-सुरक्षित माहौरल में रह रहे थे। उन्होंने माना कि तीन प्रमुख खिलाड़ियों के इस प्रकार बाहर होने से टीम की तैयारियां प्रभावित होंगी। कॉटरेल, रोस्टन और मेयर्स की जगह अब टीम को वैकल्पिक खिलाड़ियों का चयन करना होगा।

# मेरे फुटबॉल खेलने पर ताने मारने वाले आज मेरी तारीफ कर रहे हैं

**नई दिल्ली** । ब्राजील के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोलकर सुर्खियों में आने वाली भारतीय महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने कहा कि जो लोग लड़कों के साथ उनके फुटबॉल खेलने पर ताना मारते थे वे अब उनकी तारीफ करते है। एएफसी एशियाई कप की तैयारियों के तहत भारतीय टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए ब्राजील का दौरा किया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में मनीषा ने कहा,जब मैं स्कूल में थी,तब अपने गांव के लड़कों के साथ खेलती थी।एक-दो बार, मेरे माता-पिता से शिकायत भी कि गई थी कि मैं लड़कों के बीच खेलने वाली अकेली लड़की क्यों हूं।होशियारपुर जिले की 20 साल की खिलाड़ी ने कहा, ''शिकायत करने वालों ने कहा कि एक लड़की के लिए लड़कों के साथ खेलना अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया।इसकारण मैंने उन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया।''



मनीषा ने कहा कि ब्राजील से लौटने के बाद स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा,गांव के कई लोग मेरे माता-पिता से मिलकर उन्हें बधाई देकर कहा कि मैंने सही (खेल को करियर के रूप में चुनकर) कदम उठाया है। मनीषा ब्राजील की पूर्व दिग्गज रोनाल्डिन्हो की बड़ी प्रशंसक है।मेरे गाँव में मेरे दोस्त मुझे 'डिन्हो' कहते थे। जब मैंने पहली बार अपना इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया,तब उसका नाम 'एमकेडी'था जिसका मतलब मनीषा कल्याण डिन्हो था। मनीषा ने कहा, मुझे (लियोनेल) मेस्सी का खेल पसंद है। वह शानदार तरीके से पास देते है और गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाते है।''

मनीषा को शुरुआत में एथलेटिक्स और बास्केटबॉल में रुचि थी लेकिन स्कूल के शारीरिक शिक्षा (पीईटी) के अध्यापक की सलाह पर मैंने फुटबॉल में हाथ आजमाया। मनीषा ने कहा,आठवीं कक्षा से पहले मैं बास्केटबॉल खेल रही थी, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में भाग ले रही थी। हमारे पीईटी शिक्षक फुटबॉलर थे और उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं जिला फुटबॉल टीम में खेलना चाहती हूं।मनीषा ने बताया, ''उन्होंने मेरा ट्रायल लिया और मेरा चयन हो गया। मुझे भी बहुत अच्छा लगा और कोच से कहा कि मैं केवल फुटबॉल खेलूंगी तब मैंने स्कूल के बाद फुटबॉल प्रशिक्षण शुरू किया।मनीषा ने कहा कि ब्राजील के खिलाफ गोल से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, हालांकि उन्हें अपने खेल के कई क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा,जब से मैं 2019 में राष्ट्रीय शिविर से जुड़ी हूं। मैंने अपनी कमजोरियों पर ध्यान देना शुरु किया।

# द.अफ्रीका में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं मयंक



**मुम्बई** । सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अब द.अफ्रीका दौरे में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। मयंक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में शतक जबकि दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था। मयंक ने पहली पारी में 150 और दूसरी में 62 रन बनाये थे। इसी प्रदर्शन के कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम में जगह मिली है। अब मयंक का प्रयास टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह पाना रहेगा हालांकि इसके लिए उनकी टक्कर लोकेश राहुल से रहेगी। मयंक ने कहा है कि अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह नहीं मिलती है तो वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं। मयंक इस सीरीज से पहले खराब दौर से गुजर रहे थे पर टीम के नये मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की एक सलाह ने उनकी बल्लेबाजी को बेहतर बना दिया। इससे पहले मयंक रनों के लिए संघर्ष कर रहे थे और पिछले दो साल से कोई शतक नहीं लगा पाये थे। वहीं कोच द्रविड़ की दी हुई सलाह मयंक के आम आई और वह अब आत्मविश्वास से बल्लेबाजी कर रहे हैं। द्रविड ने मयंक से कहा कि कि मुझे पता है कि आपने बहुत अधिक रन नहीं बनाए हैं, इसलिए अपनी भावनाओं को काबू में रखें। अपने विचारों को मैनेज करें। इस पर ज्यादा ध्यान न दें। द्रविड़ ने खेल से जुड़े मानसिक पहलू को बेहतर ढंग से समझने में मयंक की सहायता जबकि बल्लेबाजी के तकनीकी पहलू को लेकर कहा कि इसी के कारण आपने अतीत में काफी रन बनाए हैं। इसलिए उसपर जमे रहो। रन अपने आप आएंगे। उन चीजों को वापस करें, जिन्होंने आपके लिए काम किया है। मयंक ने इस सीख को अपनाया जिसके कारण वह एक बार फिर लय हासिल करने में सफल रहे हैं।

## विश्व चैंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखने उतरेगी सिंधु

**नई दिल्ली** । भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु रविवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए उतरेंगी। सिंधु अभी अच्छी लय में हैं और वह विश्व टूर फाइनल्स में भी उप विजेता रही थी। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन, इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के भी सेमीफाइनल में पहुंची थीं। सिंधु ने इससे पहले विश्व चैंपियनशिप का खिताब दो साल पहले स्विट्जरलैंड के बासेल में जीता था। इस बार टूर्नामेंट में महिलाओं के वर्ग में तीन बार की चैंपियन रही स्पेन की कारोलिना मारिन और 2017 की विजेता नाजोमी ओसाका भी भाग नहीं ले रही हैं। वहीं भारत की ही अनुभवी खिलाड़ी साइना नेहवाल भी चोटिल होने के कारण इस बार इस प्रतियोगिता से बाहर हैं। ऐसे में सिंधु की राह आसान नजर आ रही है। सिंधु के पास ऐसे में अपने खिताब का बचाव करने का अच्छा मौका रहेगा हालांकि उन्हें थाईलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग, चीनी ताइपै की शीर्ष वरीय ताइ जु यिंग और कोरिया की किशोरी आन सियोंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। ये तीनों ही खिलाड़ी आजकल अच्छी लय में हैं। सिंधु को इस टूर्नामेंट के पहले दौर में 'बाइ' मिली है। उन्हें अगले दौर में मार्टिना रेपिस्का का सामना करना है जिनकी पहले दौर की प्रतिद्वंद्वी रसेली हर्टवान भी टूर्नामेंट से हट गयी है। सिंधु को इस मैच में जीत के बाद चोचुवांग का सामना करना पड़ सकता है। यदि सिंधू थाई खिलाड़ी को हरा देती है तो उन्हें आगे ताइ जु का सामना करना पड़ेगा। वहीं पुरुष वर्ग में भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत का सामना स्पेन के पाब्लो अबेन से और बी साई प्रणीत का नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ से होगा। एच एस प्रणय पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त एनजी का लोंग का सामना करेंगे।



## व्यापारन्यूज

### दिसंबर के पहले 10 दिन में बिजली की खपत बढ़कर 34.23 अरब यूनिट

**नई दिल्ली** । देश में बिजली की खपत दिसंबर के पहले 10 दिन में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 1.3 प्रतिशत बढ़कर 34.23 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल समान अवधि में बिजली की खपत 33.78 अरब यूनिट रही थी। दिसंबर, 2020 के पूरे महीने में बिजली की खपत 105.62 अरब यूनिट रही थी। वहीं दिसंबर, 2019 में यह 101.08 अरब यूनिट थी। विशेषज्ञों का कहना है कि दिसंबर में बिजली की मांग में सुधार की प्रमुख वजह देशभर में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आना है। दिसंबर के पहले 10 दिन में व्यस्त समय में पूरी की गई बिजली की मांग या दिन में बिजली की सबसे अधिक आपूर्ति 169.12 गीगावॉट रही। दिसंबर, 2020 की समान अवधि में यह 165.42 गीगावॉट दर्ज की गई थी। पूरे दिसंबर, 2020 में व्यस्त समय की पूरी की गई बिजली की मांग 182.78 गीगावॉट रही थी, जबकि दिसंबर, 2019 में यह 170.49 गीगावॉट थी। इस साल नवंबर में बिजली की खपत 2.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 99.37 अरब यूनिट रही थी। पिछले साल नवंबर में यह 96.88 अरब यूनिट और नवंबर, 2019 में 93.94 अरब यूनिट थी। अक्टूबर में बिजली की खपत 3.3 प्रतिशत बढ़कर 112.79 अरब यूनिट पर पहुंची थी, जबकि पिछले साल के समान महीने में यह 109.17 अरब यूनिट रही थी। इस साल अप्रैल में कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद कई राज्यों ने लॉकडाउन लगाया था जिससे वाणिज्यिक और औद्योगिक बिजली की मांग में गिरावट आई थी। कोविड संक्रमण में कमी आने के बाद धीरे-धीरे ये अंकुश हटाए गए।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर



**मुंबई** । सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को लगातार 11वें दिन पेट्रोल डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरवाट बनी हुई है। घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, सरकार ने दिवाली से एक दिन पहले केंद्र सरकार की तरफ से एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद कई राज्य पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट में कटौती की है। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम अपने पीक से कम हुए हैं। अभी भी देश में कई ऐसे राज्य हैं जहां पेट्रोल के दाम 100 रुपए से ऊपर चल रहे हैं। देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल गंगानगर में 112.11 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है जबकि सबसे सस्ता पेट्रोल 82.96 रुपए प्रति लीटर के भाव से पोर्टब्लेयर में बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.67 रुपए प्रति लीटर हैं। मुंबई में पेट्रोल 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 94.14 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में पेट्रोल 101.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं। बेंगलुरु में पेट्रोल 100.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 85.01 रुपए प्रति लीटर है और भोपाल में पेट्रोल 107.23 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.87 रुपए प्रति लीटर हैं।

**बैंकों को बाजार से धन जुटाने और अपनी गैर-प्रमुख संपत्तियों की बिक्री के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा**

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अगले बजट में नहीं मिलेगी सरकारी पूंजी

**नई दिल्ली** । सरकार वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में पूंजी डालने की घोषणा संभवतः नहीं करेगी। जानकारी के मुताबिक बैंकों के फंसे कर्ज में कमी आई है और उनकी वित्तीय स्थिति सुधरी है, ऐसे में सरकार द्वारा बजट में ऐसी किसी घोषणा की संभावना नहीं है। अपने संसाधनों को बढ़ाने के लिए बैंकों को बाजार से धन जुटाने और अपनी गैर-प्रमुख संपत्तियों की बिक्री के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष के दौरान सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 20,000 करोड़ रुपये तय किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2022 को नरेंद्र मोदी 2.0 सरकार का चौथा बजट पेश करेंगी। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ बढ़कर 14,012 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह सितंबर,



2021 में समाप्त दूसरी तिमाही में और बढ़कर 17,132 करोड़ रुपए हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही का कुल लाभ पिछले पूरे वित्त वर्ष में अर्जित कुल लाभ के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान सरकारी बैंकों ने 58,697 करोड़ रुपए का पूंजीगत कोष जुटाया था। यह किसी एक वित्त वर्ष में जुटाई गई सबसे अधिक राशि है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) जून, 2021 के अंत तक बढ़कर 14.3 प्रतिशत हो गया, जबकि उनका प्रावधान कवरेज अनुपात बढ़कर आठ साल के उच्चस्तर 84 प्रतिशत पर पहुंच गया। कुछ गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के लिए बैंकों ने 100 प्रतिशत तक प्रावधान किया है। सरकार ने बैंकों से कहा है कि वे वसूली प्रक्रिया पर ध्यान दें। इससे उनकी वित्तीय सेहत और सुधरेगी। सरकारी बैंकों का एनपीए 31 मार्च, 2019 को 7,39,541 करोड़ रुपढ था, जो 31 मार्च, 2020 तक घटकर 6,78,317 करोड़ रुपए और 31 मार्च, 2021 (अस्थायी आंकड़े) को 6,16,616 करोड़ रुपए पर आ गया। कोरोना महामारी की वजह से 2020-21 में अर्थव्यवस्था में संकुचन के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल लाभ 31,816 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो

## नवंबर में गोल्ड ईटीएफ को आया 683 करोड़ का निवेश


**नई दिल्ली** । गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (ईटीएफ) के प्रति निवेशकों का आकर्षण बरकरार है। नवंबर में गोल्ड ईटीएफ में 683 करोड़ रुपए का निवेश आया है। पीली धातु की कीमतों में करेक्शन तथा कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता बढ़ने की बीच गोल्ड ईटीएफ की ओर निवेशकों का रुझान बढ़ा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध रूप से 303 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था, वहीं सितंबर में यह 446 करोड़ रुपए रहा था। इससे पिछले महीने गोल्ड ईटीएफ में 24 करोड़ रुपए का निवेश आया था। एलएक्सएमई के एक अधिकारी ने कहा कि नवंबर में गोल्ड ईटीएफ में उल्लेखनीय प्रवाह दर्ज हुआ। कोविड-19 के नए स्वरूप से अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ी है। बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाव के लिए निवेशक बचत के परंपरागत तरीके की ओर रुख कर रहे हैं। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर में सोने की कीमतों में करेक्शन तथा ओमीक्रोन को लेकर चिंता के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बढ़ा है।

## तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट बरकरार

**नई दिल्ली** । देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह बिनौला और मूंगफली के भाव कमजोर होने से तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख बरकरार रहा। इसके चलते सोयाबीन और पाम तेल सहित विभिन्न तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई। वहीं सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग के कारण सोयाबीन दाना और लूज के भाव में सुधार आया। बाकी तेल-तिलहनों की कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के किसान नीचे भाव में अपनी फसल बेचने से बच रहे हैं जिससे सोयाबीन दाना एवं लूज के भाव में सुधार आया। डीओसी की स्थानीय मांग होने से भी सोयाबीन तिलहन में सुधार को बल मिला। उन्होंने कहा कि पामोलीन के मुकाबले सोयाबीन और बिनौला जैसे हल्के तेलों के सस्ता होने से पामोलीन की मांग प्रभावित हुई है। इस वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतें नरमी के साथ बंद हुईं। उन्होंने कहा कि हल्के तेलों के मुकाबले सीपीओ और पामोलीन का आयात करना महंगा सौदा बैठता है। महंगा होने के कारण दुनियाभर में सीपीओ की मांग घट रही है। उसने कहा कि सामान्य कारोबार के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल सहित कई अन्य तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि पिछले लगभग ढाई महीने में मूंगफली तेल में 35 रुपए किलो, बिनौला में लगभग 23 रुपए किलो की गिरावट आई है लेकिन सरकार को तेल-तिलहनों की कीमतों में आई गिरावट का लाभ आम उपभोक्ताओं को सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित करनी चाहिये जो निरंतर तेल-तिलहन कीमतों पर नजर रखे। तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट से आम उपभोक्ताओं या किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा फिर भाव टूटने का लाभ कौन उठा रहा है इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से 7 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,28,367 करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली** । बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2,28,367.09 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार मूल्यांकन में भी बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,35,204.46 करोड़ रुपए के उछाल से 16,62,776.63 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी बैंक का 5,125.39 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,43,528.19 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 9,988.16 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 7,39,607.12 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 28,817.13 करोड़ रुपए बढ़कर 5,26,170.49 करोड़ रुपए रही। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 7,050.11 करोड़ रुपए बढ़कर



5,08,612.95 करोड़ रुपए तथा बजाज फाइनेंस का 22,993.93 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,49,747.2 करोड़ रुपए रहा। एसबीआई की बाजार हैसियत 19,187.91 करोड़ रुपए बढ़कर 4,41,500.53 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के ?विपरीत समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 1,146.7 करोड़ रुपए घटकर 13,45,178.53 करोड़ रुपए पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 2,396 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 5,48,136.15 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 4,256.32 करोड़ रुपए घटकर 3,90,263.46 करोड़ रुपए रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# सनसनीखेज अंधे कत्ल के आरोपी को गिफ्तार कर किया अंधे कत्ल का खुलासा

### दोस्त ही निकला मृतक संतोष का हत्यारा

भिण्ड। विगत 30 नवम्बर की सुबह ग्वालियर रोड नारोलिया के मकान के पास शोल्डर के नीचे ढलान पर मृतक संतोष पुत्र सुमेर चंद्र निवासी मेहगांव के कत्ल का पुलिस ने रविवार को खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक शेलेन्द्र सिंह चौहान, के निर्देशन में थाना मेहगांव के अपराध क्रमांक 461/21 धारा 302,201 ताहि का मेहगांव पुलिस द्वारा तफ्तीश की गई जिसमें पुलिस ने बताया कि 30 नवम्बर को मौके पर मृतक संतोष का शव मिला। म्रतक की एक चप्पल शव के पास तथा दूसरी चप्पल म्रतक की सफेद रंग की अल्टो कार जो प्रतक के शव से करीब 03 किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी के प्रागंण मे खड़ी मिली थी। प्रथम द्रष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य मिटाने का पाया जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना मेहगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में म्रतक के परिजनों द्वारा म्रतक की बताई गई दिनचर्या का अवलोकन कर मृतक के दोस्तो एवं जानने वालो से पूछताछ कर उनके मोबाईल सीडीआर एवं सीसीटीवी कैमरो फुटेज का एनालाईज किया किया। मेहगांव पुलिस अपने लगातार अथक प्रयासों द्वारा म्रतक संतोष की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी को ज्ञात करने में सफल रही। मेहगांव पुलिस द्वारा हत्या करने वाले आरोपी रिंकु उर्फ हरिमोहन शिवहरे पुत्र सीताराम शिवहरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने गुनाह कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि म्रतक आरोपी का दोस्त है और म्रतक ने आरोपी की पत्नी के संबंध में अपशब्द अश्लील शब्द कहे जिससे आरोपी के अहं को ठेस पहुंची और आरोपी ने योजना तैयार करते हुए पहले जुआ खेलने के बहाने संतोष को बुलाने का प्रयास किया परन्तु इसमे सफल न होने पर साथ पीने के बहाने बुलाया। दोनो ने कार मे बंद पडे पेट्रोल पंप के सामने शराब पी। शराब पीने के बाद कहा कि भिण्ड आते समय रास्ते मे क्या बोल रहा था वो बात एक बार फिर से रिपीट करो इस पर म्रतक संतोष हंसने लगा कुछ नहीं बोला फिर आरोपी ने पुनः कहा कि एक बार बोल कर बता तो संतोष ने उस बात को दोहराया उसी समय आरोपी ने दाहिने हाथ से संतोष का गला गबा दिया एक हाथ से बाई जेब में रखे रस्सी के टुकड़े को निकाल कर संतोष की गर्दन पर कस दिया और दोनों हाथो से दबाते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतक का मोबाईल अपने पास रख लिया। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से म्रतक के मोबाइल के साथ छेडछाड की म्रतक के शव को ग्वालियर रोड पर फेंक दिया। अंधे कत्ल को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक डी. बी. एस तोमर थाना प्रभारी मेहगांव, उपनिरीक्षक परशुराम अहिरवार, उपनिरीक्षक अरविंद सिकरवार, उपनिरीक्षक आरती राठौर, प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी, आरक्षक प्रदीप, आरक्षक पदम की रही एवं सायबर सेल भिण्ड प्रभारी उपनिरीक्षक शिव प्रताप राजावत, आरक्षक आनंद, आरक्षक महेश की उल्लेखनीय भूमिका रही।



## कलेक्टर एसपी ने गौरी सरोवर तक किनारे चलाया सफाई अभियान

**- अव्यवस्थाओं को सुधारने सीएमओ को दिए निर्देश**

भिण्ड। कलेक्टर सतीश कुमार और साथ में भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने गौरी सरोवर तट पर पहले साफ सफाई की फिर विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया उन्होंने गौरी सरोवर के दूसरी तरफ जा कर के भी निरीक्षण किया स्वच्छ मिशन पार्क से होते हुए वकीलों का पार्क पर खुद झाडू और फार्मूला लेकर के साफ-सफाई की इस दौरान बोट क्लब पर जाकर वाटर स्पोर्ट्स क्लब की गतिविधियों को भी देखा और शीघ्र ही वोट क्लब तक की लाइटों की व्यवस्था करने के लिए नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया उनके साथ नगर पालिका सीएमओ सुरेंद्र शर्मा इंजीनियर दीपक अग्रवाल डॉ शैलेंद्र परिहार खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव शिव प्रताप सिंह गगन शर्मा संजय सिंह कुलदीप शर्मा अवधेश सिंह प्रभास सिंह डॉक्टर वरुण गणेश भारद्वाज अब्बास अहमद इकबाल अली सर दानवीर जी दीक्षित विजय यादव राहुल राजपूत सहित समाज के कई युवा स्वच्छ मिशन में सहभागिता दे रहे थे प्रमुख रूप से गौरी के किनारे लाइट की व्यवस्था सीघ्र हो जाएगी,जल कुम्भी साफ होगी।

## जिले में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन



### भिण्ड एवं तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार में लंबित कुल न्यायालयीन

**प्रकरण संख्या 640 प्रकरणों का का हुआ निराकरण**

भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेषानुसार नेषनल लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर नेषनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ ए.डी.आर.भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में किया गया।

नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ के अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय भिण्ड दिनेश चन्द्र थपलियाल, विशेष न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार मिश्र, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भिण्ड रज्जन सिंह भदौरिया एवं जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड देवेश शर्मा के साथ ही अभिभाषक संघ के पदाधिकारीगण, अभिभाषकगण विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, न्यायालय कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

नेषनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय भिण्ड एवं न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार हेतु कुल 30 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। जिसमें से जिला मुख्यालय भिण्ड एवं तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार में लंबित कुल न्यायालयीन प्रकरण संख्या 640 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें कुल 1414 पक्षकार लाभान्वित हुए तथा राषि 1,36,35,671/-रूपये का अवार्ड पारित किया गया। उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन जिनमें जलकर सम्पत्तिकर, विद्युत बी.एस.एन.एल, बैंक आदि के कुल प्रीलिटिगेशन प्रकरण 1282 का निराकरण किया गया जिसमें 1571 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया उक्त प्रीलिटिगेषन प्रकरणों में कुल 72,84,365/-रूपये राशि वसूल की गई।

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित



भिण्ड। गहोई वैश्य सभा भिण्ड के तत्वावधान मे राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्य तिथि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई । उक्त जानकारी देते हुए सचिव कवि अंजुम मनोहर ने बताया कि डा सुशील गुप्ता जी (उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जोन के परामर्श दात्री सदस्य ) के मुख्य आतिथ्य ,श्री कैलाशनारायण सांवला वरिष्ठ संचालक) भिण्ड नागरिक सहकारी बैक के विशिष्ट आतिथ्य में एवं श्री पूरन लाल सोनी (उपाध्यक्ष ) गहोई वैश्य सभा भिण्ड की गरिमामयी अध्यक्षता में दिनांक 12 दिसंबर 2021 को प्रात 9 बजे कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र मोर की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में कवि शिवबहादुर सिंह शिव, कैलाश नगरिया, महेश तरसोलिया, अमन रावत, महेश सिपौल्या, संतोष लहारिया, रामप्रकाश सोनी, पंकज खर्द, श्रीमती ऊषा नगरिया बीरेंद्र नौगरैया शिवम बिलैया, नरेंद्र हूंका सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## आरटीओ ने फिटनेस वाहनों की जांच के लिए लगाया फिटनेस चेकअप कैंप



भिण्ड। शहर में बिना फिटनेस लिए ऑटो दौड़ रहे है। यह वाहन सड़क हादसे के कारण बन रहे है। इन वाहनों के लिए फिटनेस चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। यह दो दिवसीय फिटनेस चेकअप कैंप रविवार से शुरू किया गया है जोकि सोमवार को भी जा रहेगा। यहां वाहन चालक ऑनलाइन फिटनेस के लिए आवेदन कर सकेंगे।

जिला परिवहन अफसर अनुराग शुक्ला के मुताबिक भिंड जिले में भाड़ा वाहन व सवारी वाहनों के लिए पिछले दिनों से अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए खासी परेशानी होती है। ऐसे वाहनों की सहूलियत के लिए फिटनेस चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय फिटनेस चेकअप कैंप यातायात थाने में रविवार और सोमवार को आयोजित होगा। इस कैंप के माध्यम से वाहन चालक बिना किसी व्यवधान के आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद वाहन चालकों को फिटनेस चेकअप किए जाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय पर फोटो समेत अन्य दस्तावेज जांच के लिए समय दिया जाएगा। इससे वो आसानी से अपने वाहन की फिटनेस प्रमाण पत्र ले सकेंगे।

**ऑनलाइन भी कर सकेंगे आवेदन**

जल्द ही परिवहन विभाग में वाहन मालिक फिटनेस दिए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेगा। इसके लिए भिंड शहर में तीन ऑनलाइन सेंटर को चिह्नित किए जाने की कवायद चल रही है। इसके बाद जिले की अलग-अलग तहसील में इसी तरह से अन्य ऑनलाइन क्योस्क सेंटरों को विभाग का काम सौंपा जाएगा। यहां कागजी दस्तावेज पूरा करने के बाद विभाग की ओर से एक निर्धारित डेट दे दी जाएगी। जहां आसानी से कागजी दस्तावेज की प्रक्रिया को ऑनलाइन कराकर वाहन मालिक विभाग की ओर से दी जाने वाली तारीख पर परिवहन कार्यालय उपस्थित होकर प्रमाण पत्र ईश्यू करवा सकेगा।

## लहार के आदर्श झा बने लेफ्टिनेंट

### भारतीय सैन्य अकादमी ई एम आई से भारतीय सेना में सम्मिलित हुए जाबाज 319 अधिकारी



भिण्ड। भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में (दीक्षांत समारोह) पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर के रूप में परेड की सलामी ली। इस बार की पीओपी में राष्ट्रपति के साथ ही सीडीएस जनरल रावत को भी मौजूद रहना था, लेकिन काल को कुछ और ही मंजूर था। राष्ट्रपति जी ने उनको याद करते हुए सभी सैन्य अधिकारियों एवं उनके परिजनों को बधाई दी जिन्होंने अपने कलेजे के टुकड़े को देश के लिए समर्पित कर दिया। पासिंग आउट परेड के बाद 319 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थल सेना में सम्मिलित हुए। जबकि 68 युवा सैन्य अधिकारी मित्र देश सेना के हिस्सा बने। दीक्षांत समारोह में वरिष्ठ अथिति के रूप में भारतीय थल सेना के लेफ्टिनेंट जरनल, अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एवं युवा सैन्य अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे।

झा परिवार ने कलेजे का दूसरा टुकड़ा भी किया देश के नाम लहार तहसील में स्थित ग्राम रावतपुरा सरकार निवासी रामप्रकाश झा के भतीजे पवित्र झा पुत्र अशोक झा ने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार का ही नही बल्कि लहार क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। जो सपना उनके परिवार ने 20 वर्ष पूर्व देखा था बो आज उनको दोनों पुत्रों ने साकार कर दिया है। यहाँ बता दे कि श्रीमती ममता अशोक झा जी का बड़ा बेटा पवित्र वर्ष 2019 में सेना में लेफ्टिनेंट बना था जो वर्तमान में सेना में कैप्टन पद पर देश को सेवाएं दे रहा है। पवित्र और आदर्श की प्रारंभिक शिक्षा नगर के विद्यालय अंकित चाइल्ड कान्वेंट स्कूल की रही है।

## हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटकर जमीन पर गिरी खच्चर की मौत



भिण्ड। आलमपुर कस्बे में रविवार को दोपहर में ईदगाह के समीप हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई। जिससे खेत में चारा चर रहे एक खच्चर (गधा) की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई है। खच्चर की सहायता से मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने बाले सुनकर परिवार को काफी क्षति पहुंची है।आलमपुर कस्बे में करीब एक सैकड़ा घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन वर्षों पुरानी है। और जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। जिससे आये दिन हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटकर जमीन पर गिर जाती है। विगत रोज पहले भी बस्ती के अंदर पुराने नगर परिषद कार्यालय के पास हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई थी। गनीमत है। कि हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटने से अभी तक आलमपुर कस्बे में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आलमपुर कस्बे में किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## भक्त के प्रेम के बशीभूत है भगवान

मालनपुर। औद्योगिक क्षेत्र में हनुमान चौराहे के पास सब्जी मंडी में धर्मवीर मार्केट के सामने भागवत कथा में स्वामी अनंदा चार्य महाराज जी भगवान और सुदामा मिलन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भक्त के प्रेम के कारण कुछ भी करने को तैयार रहते हैं भगवान भक्त के प्रेम के कारण ही नर्क में जाना पड़ता है कभी प्रेम के कारण तो कभी श्राफ के कारण जन्म लेना पड़ता है और भगवान का जन्म भक्तो के प्रेम के कारण भक्तो के दुख और कष्टों को दूर करने के लिए नर्क में प्रवेश कर पृथ्वी पर अवतरित होना पड़ता है भागवत को गीता पत्नी पुरुषोत्तम तिवारी के द्वारा कराया जा रहा है भागवत में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि पानी परात का हाथ छूयो नहीं नेनन के जल से पग धोये, अनंदा चार्य महाराज जी ने कहा कि भगवान का सुदामा से इतना प्रेम था भगवान को सुदामा का कष्ट देखा नहीं गया और इतने भाभुक हो गये कि नेनन के जल से ही पग धो दिए।



## जिला लोक अभियोजक एवं सहायक लोक अभियोजक नियुक्त



भिण्ड। जिला लोक अभियोजक के रूप में जी पी दीक्षित एवं सहायक लोक अभियोजक के रूप में शैलेंद्र सिंह भदोरिया (सांकरी) रामजी लाल शर्मा, मुकेश बिहारी दीक्षित, उत्तम सिंह राजपूत, अवधेश चौधरी को नियुक्त किया गया है। भिण्ड जिले में लोक अभियोजक की नियुक्ति कर दी गई हैं। इनकी नियुक्ति पर भिंड बार के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा नवनियुक्त लोक अभियोजक एवं सहायक लोक अभियोजक को बधाई और शुभकामना संदेश देने का तांता लगा हुआ है बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में एडवोकेट विनोद दीक्षित, राममिलन शर्मा, अवधेश सिंह कुशवाहा, अविलख सिंह भदोरिया, मायाराम शर्मा, अमृत पाल बघेल, अवधेश भारद्वाज, संतोष हिन्नारिया, उमाकांत मिश्रा, गजेंद्र सिंह कुशवाहा, रज्जन सिंह भदोरिया, अरविंद बघेल, पंकज दीक्षित, नीरज श्रीवास्तव, नवीन पांडेय, रमेश पाराशर, गौतम सिंह भदोरिया, जगदीश तोमर, संजीव श्रीवास्तव,अतुल सक्सेना, देवेंद्र सिंह चौहान, सूरज रेखा त्रिपाठी, साधना मिश्रा, अनिता चौधरी, नीलम भदोरिया , प्रियंका शर्मा अमर सिंह ऋषि स्वर, राजेश उपाध्याय, रामनिवास राठौर, हिमांशु शर्मा, हनुमंत बोरे, विकास जोशी, प्रमोद जोशी, रघुनायक भदोरिया, अजय सिंह भदोरिया उर्फ अज्जू, रवि शर्मा, शेर सिंह भदोरिया, अजय त्रिपाठी ध्रुव सिंह भदोरिया राम लखन मौर्य, सत्य प्रकाश गोयल, केपी दोहरे, ओपी शर्मा, रामकरण थापक,भगत राम शर्मा,रामकिशोर शर्मा, रवि दुबे, जसंजय दीक्षित,धर्मेंद्र भदोरिया, रमन शर्मा, नरवरिया, नरोत्तम नरवरिया, शरद चंद्र त्रिपाठी, सुभाष चंद्र जैन, दिनेश चंद्र जैन, मुकेश जैन, सहित अनेकानेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता ने खुशी हाहिर की है।

## राज्य स्तरीय अंतर जिला सब जूनियर कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**- महंत श्री 1008 रामदास महाराज व लाल सिंह आर्य ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का किया उद्घाटन**



भिण्ड। मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय अंतर जिला सब जूनियर कबड्डी टूर्नामेंट का गोहद में आज शुभारंभ हुआ शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने किया मुख्य अतिथि के रूप में दंदरौआ सरकार महाराज 1008 महंत रामदास महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों, खिलाड़ियों व उपस्थित जनमानस के द्वारा हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए सीडीएस बिपिन रावत व अन्य जवानों को 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित लाल सिंह आर्य ने बोलते हुए कहा कि यह भिंड जिले में गोहद का सौभाग्य है कि यहां पर राष्ट्रीय स्तर की कुश्तियों का दंगल, राज्य स्तरीय कबड्डी, राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं क्रिकेट जैसे खेलों का आयोजन गोहद की धरती पर संपन्न होने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है। चूंकि कबड्डी मेरा पसंदीदा खेल है। इस खेल से मेरा हमेशा लगाव रहा है। गोहद की धरती पर जल्द ही राष्ट्रीय स्थर की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मंच का संचालन स्पोर्ट टीचर बीडी माहौर ने किया। आभार व्यक्त भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने किया। मंच पर इस अवसर पर कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश सचिव मोहन चौहान, जॉइंट सचिव जे एस परमार, चीफ सिलेक्टर जे.सी. शर्मा, मंडल महामंत्री आशीष शर्मा, अनिल भरद्वाज, रामू तोमर, धर्मेंद्र गुर्जर, संतोष गौड़, रवि गौड़, मुन्नालाल बाथम, मुन्ना सिंह तोमर, भीकम कौशल, रामसिया जाटव, ओमप्रकाश कुशवाह, अविनाश भटेले, चंद्रशेखर शर्मा, अर्चना शर्मा, सुमन गुप्ता, मेहताब सिंह गुर्जर, सज्जन सिंह यादव, कमल सिंह तोमर, आचार्य बृज मोहन शर्मा, अरविंद शर्मा, संजय झा, भगत सिंह तोमर, सौरभ पांडे, दिनेश श्रीवास, राजेश नागर, पिंकी सागर, प्रमोद कामद, पिंकी गौड़, राजकुमार तोमर, दशरथ घुरैया, विकास जैन, हरिओम भटेले, रिंकू भटेले, धर्मेंद्र कंसाना, मदन श्रीवास आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खतरे का सामना

कोरोना वायरस के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट का पता चलने और इसे लेकर दुनिया भर में पैदा हुई आशंकाओं ने भारत में भी चिंताएं बढ़ा दी है। देश में ओमिक्रॉन के मामलों की कुल संख्या 21 हो गई है। भारत में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। जिस गति से ओमिक्रॉन के केस बढ़ रहे हैं, इससे स्वास्थ्य विभाग चिंतत है। विशेषज्ञ सभी लोगों को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करने के साथ जल्द से जल्द टीके की दोनों डोज लेने की सलाह दे रहे हैं। कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट वैरिएंट की प्रकृति को समझने के लिए वैज्ञानिक लगातार शोध कर रहे हैं। अब तक के अध्ययनों के आधार पर सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के विशेषज्ञों का कहना है कि पहले कोरोना से संक्रमित हो चुके लोगों में भी ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित होने का जोखिम हो सकता है। संक्रमण के बाद शरीर में एक निश्चित मात्रा में प्राकृतिक प्रतिरक्षा का निर्माण होता है, जो कुछ महीनों में कम होने लगता है। जब तक इस वैरिएंट की प्रकृति के बारे में विस्तार से पता नहीं चल जाता है, सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दूसरी लहर में लोगों को संक्रमण महीनों या एक साल पहले हुए थे, जिसका अर्थ है कि संक्रमण से बनी प्रतिरक्षा समय के साथ कम हो सकती है, जिससे लोगों में पुनः संक्रमण का जोखिम हो सकता है। पहले के अध्ययनों में दावा किया जाता रहा है कि संक्रमण से बनी प्रतिरक्षा 6 महीने या उससे अधिक समय तक रह सकती है। कुल मिलाकर कोरोना लगातार अपने रूप बदल रहा है और इसके अनेक स्वरूप भी सामने आ रहे हैं। इस साल कोरोना के डेल्टा बहुरूप ने कोविड-19 के इलाज के मामले में एक नई परेशानी खड़ी कर दी थी। हालत यह थी कि संक्रमितों की बड़ी संख्या के बीच मरीजों के इलाज में अस्पतालों को मुश्किल पेश आने लगी और कई जगहों पर लोग आक्सीजन की कमी के चलते भी जान गंवा बैठे। जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना विषाणु के संक्रमण और उसके असर से वैश्विक महामारी होने की घोषणा की, तभी से इसका खतरा जगजाहिर रहा है। बाद के दिनों में इस विषाणु ने समूची दुनिया में जैसा प्रभाव दिखाया, उससे यह साफ हुआ कि शुरुआती दौर में जताई गई आशंका के मुकाबले इससे निपटना ज्यादा मुश्किल चुनौती है। खासकर, पिछले साल पहली लहर में व्यापक नुकसान पहुंचाने के बाद इस साल दूसरी लहर में इस विषाणु ने जो कहर ढाया, उसके बाद इसकी जटिलता ज्यादा खुल कर सामने आई। इस बीच इससे बचाव के उपायों के साथ-साथ होने वाले अध्ययनों में यह बताया गया कि कोरोना लगातार अपने रूप बदल रहा है और इसके अनेक स्वरूप भी सामने आ रहे हैं। इस साल कोरोना के डेल्टा बहुरूप ने कोविड-19 के इलाज के मामले में एक नई परेशानी खड़ी कर दी थी। हालत यह थी कि संक्रमितों की बड़ी संख्या के बीच मरीजों के इलाज में अस्पतालों को मुश्किल पेश आने लगी और कई जगहों पर लोग आक्सीजन की कमी के चलते भी जान गंवा बैठे। अब कोरोना के नए बहुरूप की शक्ल में ओमिक्रॉन का जैसा खतरा समूची दुनिया के सिर पर खड़ा है, उसे एक खतरनाक संकेत के तौर पर देखा जाना चाहिए। कायदे से कहें तो देश में अभी दूसरी लहर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है और अब भी अलग-अलग जगहों पर कोरोना के मामले पाए जा रहे हैं। हालांकि वक्त के साथ चिकित्सा जगत ने इसका सामना करने और संक्रमितों के इलाज के मामले में काफी काम किया है और इसका असर बड़ी तादाद में मरीजों के ठीक होने के रूप में देखा जा सकता है।

## श्रद्धांजलि : सेना के अपराजेय योद्धा थे बिपिन रावत

**योगेश कुमार गोयल**

तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कुन्नूर में भारतीय वायुसेना का एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने के दर्दनाक हादसे से न केवल भारतीय सेना के तीनों अंग बल्कि समूचा देश गहरे सदमे में है। वायुसेना द्वारा इस दुर्घटना के कारण जानने के लिए जांच का आदेश दे दिया गया है। दरअसल इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी के अतिरिक्त 11 लोगों की मौत ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। हादसे का शिकार हुए हेलीकॉप्टर को विंग कमांडर पृथ्वी सिंह उड़ा रहे थे। हेलीकॉप्टर सुलुर के आर्मी बेस से निकलने के बाद जनरल रावत को लेकर वेलिंगटन सैन्य ठिकाने की ओर बढ़ रहा था और सुलूर से करीब 94 किलोमीटर दूर हेलीकॉप्टर अचानक हादसे का शिकार हो गया। किसी भी वीवीआईपी दौरे में इसी हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जाता है। हादसे के शिकार हुए हेलीकॉप्टर की तुलना चिनूक हेलीकॉप्टर से की जाती थी, जो डबल इंजन हेलीकॉप्टर था, जिससे इसके एक इंजन में कोई खराबी आने पर दूसरे इंजन के सहारे सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सके।

एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर को भारतीय वायुसेना के सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है, इसलिए इसका इस प्रकार क्रैश होना बड़े सवाल करता है। दरअसल यह दुनिया के सबसे उन्नत परिवहन हेलीकॉप्टरों में से एक है, जिसे ट्रूप तथा आर्म्स ट्रांसपोर्ट, फायर सपोर्ट, काफिले एस्कॉर्ट, पैट्रोल और सर्च-एंड-रेस्क्यू मिशनों में भी तैनात किया जा सकता है। इसका अधिकतम टेकऑफ वजन 13 हजार किलोग्राम है और यह 36 सशस्त्र सैनिकों सहित आंतरिक रूप से 4500 किलोग्राम भार ले जा सकता है। यह हेलीकॉप्टर उष्णकटिबंधीय और समुद्री जलवायु के साथ-साथ रेगिस्तानी परिस्थितियों में भी उड़ान भरने की क्षमता रखता है। इसका केबिन काफी बड़ा है, जिसमें पोर्टसाइड दरवाजा है, जो पीछे की तरफ रैंप सैनिकों और कार्गो के आसानी के प्रवेश और निकास की अनुमति देता है। हेलीकॉप्टर एक विस्तारित स्टारबोर्ड स्लाइडिंग डोर, रैपलिंग और पैराशूट उपकरण, सर्चलाइट, एफएलआईआर सिस्टम जैसे कई आधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित है।

रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर 2008 में 80 एमआई-17 हेलीकॉप्टरों के लिए रूस के साथ 1.3 अरब डॉलर का सौदा किया था, जिनकी आपूर्ति भारतीय वायुसेना को 2011 में शुरू हुई थी और रूस द्वारा भारत को 2016 में आखिरी हेलीकॉप्टर सौंपा गया था। कई आधुनिक तकनीकों के साथ निर्मित इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल सेना के कई महत्वपूर्ण अभियानों में हुआ है। 2008 के मुम्बई आतंकी हमले के दौरान कमांडो ऑपरेशन में भी इसका इस्तेमाल हुआ था, जब इसी हेलीकॉप्टर के जरिये कोलाबा में एनएसजी कमांडो को आतंकियों के खिलाफ उतारा गया था। 2016 में जम्मू-कश्मीर में सीमा पर पाकिस्तानी लांच पैड को तबाह करने के लिए भी एमआई-17वी5 का इस्तेमाल हुआ था। वैसे विगत पांच वर्षों में अब तक कुल छह बार ये हेलीकॉप्टर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग के पास 6 मई 2017 को एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के दौरान हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें पांच जवानों के अलावा दो अन्य लोगों की मौत हो गई थी। उसके बाद उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 3 अप्रैल 2018 को गुप्तकाशी से पुनर्निर्माण सामग्री लेकर आ रहा एम-आई-17 हेलीकॉप्टर हेलीपैड से मात्र 60 मीटर पहले ही हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें सभी बाल-बाल बच गए थे। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में 27 फरवरी 2019 को वायुसेना का एमआई-17 लापरवाही के चलते अपनी ही मिसाइल का शिकार होकर क्रैश हो गया था, जिसमें वायुसेना के छह अधिकारियों सहित एक आम नागरिक की मौत हुई थी। केदारनाथ से गुप्तकाशी जाने के लिए उड़ान भरते समय 23 सितम्बर 2019 को भी एमआई-17 हो गया था और उस हादसे में पायलट सहित सभी छह लोग सुरक्षित बच गए थे। 18 नवम्बर 2021 को एमआई-17 हेलीकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश में लैंडिंग के दौरान



दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में भी पांचों क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए थे लेकिन 8 दिसम्बर को हुए एमआई-17 हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित बाकी लोग इतने खुशनसीब नहीं थे।

हेलीकॉप्टर में सवार सीडीएस जनरल रावत अपनी पत्नी और कुछ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों व कर्मियों के साथ वेलिंग्टन में 'डिफेंस सर्विसेज कॉलेज' जा रहे थे, जहां वे थल सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे के साथ बाद में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले थे। सीडीएस बिपिन रावत का असामयिक निधन न केवल सैन्य बलों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सीडीएस बनने के बाद सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण के लिए कई बड़े कदम उठाए थे। भारतीय सेना में उनकी चार दशक लंबी सेवा सदैव असाधारण बहादुरी से भरी रही और सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए वे हमेशा दो टूक लहजे में दुश्मन को चेताते रहते थे। दुश्मन देश की नापाक हरकतों पर उसे कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए एक बार उन्होंने कहा था कि पहली गोली हमारी नहीं होगी लेकिन उसके बाद हम गोलियों की गिनती नहीं करेंगे। 16 मार्च 1958 को पौड़ी गढ़वाल के एक गांव में जन्मे बिपिन रावत के पिता लक्ष्मण सिंह रावत भी सैन्य अधिकारी थे, जो 1988 में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे।

बिपिन रावत ने 1978 में सेना की 11वीं गोरखा राइफल्स की पांचवीं बटालियन से अपने सैन्य कैरियर की शुरूआत की थी और उसके बाद से उनका पूरा कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा। 2011 में उन्होंने चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी से मिलिट्री मीडिया स्टडीज में पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। उन्हें उत्तम युद्ध सेवा मैडल, अति विशिष्ट सेवा मैडल, युद्ध सेवा मैडल, सेना मैडल, विदेश सेवा मैडल इत्यादि कई पदक मिले थे। उन्होंने 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके अलावा उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का नेतृत्व भी किया था और उस दौरान उन्होंने एक बहुराष्ट्रीय ब्रिगेड का भी नेतृत्व किया था। 1 सितम्बर 2016 को उन्हें उप-सेना प्रमुख बनाया गया और 31 दिसम्बर 2016 को उन्होंने भारतीय सेना की कमान संभाली थी। उन्होंने सैन्य सेवाओं के दौरान एलओसी, चीन बॉर्डर तथा नॉर्थ-ईस्ट में लंबा समय गुजारा। पूर्वी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा, कश्मीर घाटी तथा पूर्वोत्तर सहित अशांत क्षेत्रों में काम करने का उनका लंबा और शानदार अनुभव था। 2016 में उरी में सेना के कैंप पर हुए आतंकी हमले के बाद बिपिन रावत के नेतृत्व में 29 सितम्बर 2016 को पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। उन्हें ऊंचाई पर जंग लड़ने (हाई माउंटेन वॉरफेयर) तथा काउंटर-इंसर्जेंसी ऑपरेशन अर्थात् जवाबी कार्रवाई के विशेषज्ञ के तौर पर जाना जाता था। सेना प्रमुख पद से रिटायरमेंट से एक दिन पहले ही 30 दिसम्बर 2019 को सरकार द्वारा उन्हें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बनाने की घोषणा की गई थी और 1 जनवरी 2020 को वे भारत के पहले सीडीएस बने थे। बतौर सीडीएस जनरल रावत पर तीनों सेनाओं में स्वदेशी साजो-सामान का उपयोग बढ़ाने का दायित्व था और वे सेना के तीनों अंगों के ऑपरेशन, प्रशिक्षण, ट्रांसपोर्ट, सपोर्ट सर्विसेस, संचार, रखरखाव, रसद पूर्ति तथा संयंत्रों में टूट-फूट संबंधी कार्य भी देख रहे थे। सीडीएस के रूप में उनकी नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं में तालमेल को बढ़ाना था।

## सबसे बड़ा दरिद्र

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए। एक दिन महात्मा जी जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले-यह साधारण सिक्का नहीं है, मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया। एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा जी ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, कृपया मुझे आशीर्वाद दें। महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से संपन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है। राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

## ममता ने कांग्रेस को दिखाया आईना

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

पिछले दो लोकसभा चुनावों ने जो राजनीतिक दृश्य अवतरित किए, उसके कारण कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व कोई भी मानने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि इस स्थिति से कांग्रेस के नेतृत्वकर्ता इत्तेफाक नहीं रखते। क्योंकि वह इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि वह आज कमजोर हो चुकी है। क्षेत्रीय दल कांग्रेस से अच्छी स्थिति में हैं। इसी कारण क्षेत्रीय दल की एक मुखिया ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर कमजोरी का टैग लगाते हुए आईना दिखाया है, जिसमें कांग्रेस की वर्तमान हालत दृष्टिगोचर हो रही है।

वर्तमान राजनीति का एक मात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्त करने तक ही सीमित होकर रह गया है। इस कारण लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव जीतकर आए राजनीतिक दल जब सत्ता के सिंहासन पर विराजमान होता है तो उसे सरकार के तौर पर देखने की वृत्ति लगभग समाप्त ही हो गई है, इसीलिए आज विपक्ष, सरकार को भी एक राजनीतिक दल के तौर पर देखने की मानसिकता बनाकर ही राजनीति करने पर उतारू होता जा रहा है। केवल राजनीतिक फलक प्रदर्शित होना ही राजनीति नहीं कही जा सकती, इसके लिए राष्ट्रीय नीति का परिपालन होना भी आवश्यक है। अच्छी बातों का खुले मन से समर्थन करने की वृति से देश में सकारात्मक अवधारणा निर्मित होती है। यह बात सही है कि आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व के कई देशों में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीति के केन्द्र बिन्दु हैं। भारत की पूरी राजनीति उनके आसपास ही घूमती दिखाई देती है। चाहे सत्ता पक्ष हो या फिर विपक्ष, बिना मोदी के सबकी राजनीति अधूरी सी लगती है। वर्तमान में विपक्षी दलों की राजनीति का केवल एक ही उद्देश्य रह गया है, कैसे भी सत्ता प्राप्त की जाए। इसके लिए भले ही झूंठ बोलना पड़े। पिछले लोकसभा के दौरान ऐसा ही कुछ देखने को मिला, जिसमें एक प्रकरण में राहुल गांधी को माफी भी मांगनी पड़ी। इस प्रकार की राजनीति करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। पश्चिम बंगाल में तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद यह तय हो गया था कि ममता बनर्जी



विपक्ष के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती हैं, लेकिन बहुत समय निकल जाने के बाद जब विपक्ष ममता बनर्जी के पीछे चलने के लिए तैयार होता दिखाई नहीं दिया, तब स्वयं ममता बनर्जी ने ही कांग्रेस को अप्रासंगिक निरूपित करते हुए अपने आपको विपक्ष के नेता के तौर पर प्रस्तुत करना प्रारंभ कर दिया है। हालांकि इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा का प्रकटीकरण ही माना जाएगा। क्योंकि ममता बनर्जी स्वयं इस तथ्य से परिचित हैं कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी का स्वरूप फिलहाल क्षेत्रीय दल की श्रेणी में ही माना जाता है, ऐसे में ममता बनर्जी का यह सपना देखना कि वह केवल अपनी ही पार्टी के सहारे राष्ट्रीय राजनीति का चेहरा बन सकती हैं, कोरी कल्पना ही कहा जाएगा।

वर्तमान में राजनीतिक विश्लेषकों के लिए यह मानने के लिए कोई परेशानी नहीं है कि कांग्रेस सहित कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प बनने की स्थिति में नहीं है। इसके पीछे कांग्रेस की नीतियों को जिम्मेदार माना जा सकता है। क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस ने अपने आपको राजनीतिक रूप से कमजोर किया है, वहीं विपक्ष को एकजुट करने में भी रोड़ा अटकाने का काम भी किया है। इसलिए यह स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया जा सकता है कि कांग्रेस ने अपने आपको तो कमजोर किया ही है, साथ ही विपक्ष को भी कमजोर कर दिया है। राजनीतिक अस्तित्व की दृष्टि से देखा जाए तो यह स्पष्ट ही परिलक्षित होता है कि केवल राज्यों में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस से बेहतर स्थिति में हैं। उनका अपना राजनीतिक अस्तित्व बरकरार है। कई राज्यों में कांग्रेस इन क्षेत्रीय दलों का हाथ पकड़कर अपनी डूबती नैया को बचाने के लिए तिनके का सहारा तलाश करती हुई दिखाई देती है। एक समय सम्पूर्ण उत्तरप्रदेश में अपना प्रभाव रखने वाली कांग्रेस की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि वह अकेले चल ही नहीं सकती है। कांग्रेस की स्थिति स्वयं की खड़ी की हुई हैं। इसलिए आज ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस की भूमिका को अप्रासंगिक करार देना समय के हिसाब से सही ही है। अब ऐसा लग रहा है कि तृणमूल कांग्रेस की मुखिया अपने आपको विपक्ष के नेता के तौर पर प्रस्तुत करके एक नया खेल खेल रही हैं।

## बदल जाओ.... वरना पूरे घर के बदल डालूँगा....!

### सूडोकु नवताल- 5920

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5919 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**ओमप्रकाश मेहता**

मोदी सरकार की दूसरी पारी का मध्यांतर काल चल रहा है, अर्थात् दूसरी पारी के तीस महीनें गुजर चुके और तीस महीने शेष है, इस मध्यांतर काल में आखिर मोदी जी को अपनी पार्टी के सांसदों को इतनी सख्त चेतावनी आखिर क्यों देनी पड़ी कि ÷बदल जाईये, वरना बदल दिये जाओगे÷, प्रधानमंत्री जी सांसदों की सदन में गैर हाजरी से नाराज है, या अपने स्तर पर सभी संसदीय क्षेत्रों में कराये गये गोपनीय सर्वेक्षण की आई ताजा रिपोर्ट से? कोई न कोई तो अहम कारण रहा ही होगा, जिसके कारण शांत-प्रशांत मोदी जी को ऐसे तेवर दिखाने को मजबूर होना पड़ा? फिर उनका यह कहना कि ÷मैं आपके साथ बच्चों जैसा व्यवहार करूं, यह मेरे लिये ठीक नहीं....÷ अरे मोदी जी आप न सिर्फ सांसद बल्कि पूरी भाजपा के लिए पिछले साढ़े सात सालों में ÷पितृपुरूष÷ बन चुके है, यह आप भली प्रकार जानते है कि भाजपा में आपके इशारे के बिना 'पत्ता' भी नहीं हिलता और ये जो सांसद या विधायक है ना, ये सब आपके बच्चों के समान तो है ही, फिर इसमें इनके साथ बच्चों जैसा 'ट्रीट' करने में क्या भला और क्या बुरा?

देश के जो बुद्धिजीवी आपकी ताजा चेतावनी का अर्थ यह लगा रहे है कि आपको यह महसूस होने लगा है कि आपके 'चमत्कारी जादू' का असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है और अभी अगले दो सालों में चुनावी चुनौतियाँ भी बहुत है, फिर जहां तक संसद का सवाल



है, संसद में पिछले कुछ दिनों से प्रतिपक्ष इतना आक्रामक हो गया है कि वह संसद को चलने ही नहीं दे रहा है, उनके सामने सत्तारूढ़ दल कमजोर नजर आने लगा है और संसद की न तो बैठकें हो पा रही है और न ही कोई संसदीय कार्य हो पा रहा है और सत्तारूढ़ दल के सांसदों को अपने निजी तिकड़म भरे कामों से फुर्सत ही नही है उनकी प्राथमिकता अब संसद या सदन नहीं बल्कि अपने तिकड़मी स्वार्थ सिद्धी के कार्य रह गए है, सत्तारूढ़ सांसद समझ रहे है कि जब तक मोदी जी है तब तक वे पूर्णताः सुरक्षित है यही सब सोचकर मोदी जी को यह कहना पड़ा कि ÷आप लोग मोदी के कारण नहीं अपने कामों के ही बलबूते पर राजनीति में स्थायित्व प्राप्त कर सकते हो÷, कुल मिलाकर मोदी जी की इस चेतावनी को यदि गंभीरता से सत्ता से जुड़े सांसदों तो क्या किसी ने भी नहीं लिया तो फिर ÷शांत-प्रशांत÷ मोदी 'ज्वालामुखी' का रूप भी धारण कर सकता है?

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अगले दो सालों में करीब बीस राज्यों (लगभग आधे हिन्दुस्तान) में विधानसभाओं के चुनाव होना है, और भाजपा का सपना पूरे देश के सभी राज्यों में अपनी सरकारें देखने का है, जिसका अमित शाह व भाजपाध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने संकल्प ले रखा है और राज्यों में भाजपा की हालत यह है कि उसका मूल आधार ही धीरे-धीरे खिसकता नजर आ रहा है, गैर-भाजपा शासित राज्यों में तो ठीक, किंतु जिन राज्यों में भाजपा की ही सरकारें है, वहां पार्टी नेताओं को इतना गरूर आ गया है कि उन्हें अपनी ÷जी-हुजूरी÷ करवाने से ही फुर्सत नहीं है। मोदी जी द्वारा भाजपा शासित राज्यों में कराये गए ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट में भी यही दर्शाया गया है, इसी कारण मोदी जी अपना तेज कम होने के साथ भाजपाईयों के मौजूदा रवैये से अच्छे खासे परेशान नजर आ रहे है और यही मोदी जी की ताजा 'डांट-डपट' की मुख्य वजह है, वे समझ नहीं पा रहे है कि आखिर वे 'गाड़ी को पटरी पर लाने के लिये क्या करें?' भाजपा संसदीय दल की 'बंद दरवाजा' बैठकों में भी इसी ज्वलंत मसले पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

इसी कारण आज स्थिति यह है कि प्रतिपक्ष एकजुट होकर मोदी जी का सामना करने का प्रयास कर रहा है और ममता जी व संजय राऊत जैसे नेता सक्रिय हो गए है.... और अगला संघर्ष मजबूती के साथ लड़ने की तैयारी में जुट गए है, इस प्रकार मौजूदा माहौल मोदी जी के लिए कश्मीर से भी बड़ी समस्या बनकर उभरने लगा है।

## कोरोना काल में रैली आमजनसभां की प्रासंगिकता!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

चीन से शुरू कोरोना के पहले चरण एवं दूसरे चरण से अभी पूरी तरह निजात नहीं मिली कि दक्षिण अफ्रीका से कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन के फैलने की खबर से चारों ओर भय का वातावरण फिर से उभर चला है। इस कोरोना के नये रूप से देश को बचाया जा सके इस दिशा में राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार जागरूक नजर आ तो रही है पर जिसके सहारे यह तेजी से अपना पांव पसार सकता है, वह प्रक्रिया आज राजनीतिक ध्रुवीकरण का केन्द्रबिन्दु बना हुआ है। इस दिशा में सभी सजग रहने की वकालत तो जरूर कर रहे है पर भीड़ अंधी होती, इस ओर किसी की नजर नहीं। इस मामलें में सभी राजनीतिक दल एक जैसे दिख रहे है।

कोरोना का प्रभाव कम जरूर हुआ है पर अभी गया नहीं, जगह - जगह से आ रहे आकड़े इस बात के प्रमाण है। इस परिवेश के साथ - साथ कोरोना का एक और नया रूप ओमीक्रॉन के नाम से उजागर हुआ है जिसका अभी पूर्व जैसा भयंकर प्रतिकूल प्रभाव उभरकर सामने नहीं आया है पर यदि किसी भी तरह की लापरवाही पूर्व जैसी हुई तो वह समय दूर नहीं जहां पहले से भी ज्यादा भयंकर परिणाम सामने आ सकते है। कोरोना के पहले चरण थमने के बाद आई लापरवाही ने कोरोना के दूसरे चरण के प्रतिकूल प्रभाव को पहले से भी ज्यादा भयावह बना दिया जहां नियंत्रण करना कठीन हो गया। पहले से कई गुणा ज्यादा मौत हुई। लशों को उठाने वाले नहीं रहे। अपने अपनों से हीं दूर हो गये। इस तरह की विकट स्थिति आजतक पहले कभी भी नहीं आई जहां कोरोना से हुई मौत के दाह संस्कार के भी लाले पड़ गये। इस तरह के हालात को पैदा करने में उस समय हुये चुनाव के दौरान बिना कोरोना गाइड लाइन की आयोजित रैली, आम सभाएं प्रमुख रही। आज फिर से वहीं स्थिति उभरती नजर आने लगी है जहां पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव से पूर्व अपनी - अपनी स्थिति मजबूत बनाने की दिशा में सभी राजनीतिक दल रैली, आम जनसभाएं आयोजन में सक्रिय हो चले है। इसी क्रम में महंगाई को लेकर इस तरह के हालात के बीच 12 दिसम्बर को कांग्रेस जयपुर में महारैली का आगाज करने जा रही है। जबकि इस रैली को लेकर कांग्रेस हर तरह से कोरोना गाइड लाइन पालन किये जाने की वकालत करती नजर आ रही है। इस दिशा में कांग्रेस की ओर से रैली में आने वाले हर कार्यकर्ता को मास्क पहनकर आने की हिदायत भी दी गई है। दो गज की दूरी की पालना रैली परिवेश में हो पाना संभव तो नहीं, पर मास्क पहन कर आने वालों की स्थिति कैसी होगी।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है इसलिए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है: सूबेदार सिंह



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस की कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए जौरा विधायक सूबेदार सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। इसलिए आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है। इस दल में कार्यकर्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने संबोधन में आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा करने वाला और अति स्वाभिमानी कार्यकर्ता है। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के जिला महामंत्री कमलेश कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने अपनी रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने संगठन को घर-घर तक पहुंच बनाने के लिए पालक संयोजक सह संयोजक विस्तारक अध्यक्ष ग्राम केंद्र प्रमुख पन्ना प्रमुख तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है, जिससे सरकार की लोक कल्याणकारी नीति और पार्टी की आईडियोलॉजी को घर-घर तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण एवं राजनीतिक प्रस्ताव पड़ा, जिसे उपस्थित कार्यसमिति सदस्यों द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मंडल की कार्यसमिति में प्रमुख रूप से जौरा विधायक सूबेदार सिंह, मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र बसेड़िया, अशोक राणावत, बनवारी शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, रामलाल धाकड़, मातादीन सर्राफ, दिनेश जादौन, पूरन शिवहरे, श्रीमती पुष्पा, श्रीमती रानी गुप्ता, श्रीमती पिंकी गौड, श्रीमती भगवान देवी, श्रीराम धाकड़, लक्ष्मी यादव, सौरव बंसल, मोहन श्रीवास, रंजीत माहोरिया, वीरेंद्र सोलंकी, जीत प्रजापति, दुर्गेश गौड, मगनदीप गौड, केशव पाराशर, पूरन बाथम, जितेंद्र रावल, अजय शिवहरे, दिलीप जगा, महेंद्र सिकरवार, शैलेंद्र सिकरवार, निसार कुरैशी, इंसाफ अली, सत्येंद्र सिकरवार, राजवीर अन्ना, अनिल प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, कपिल हरदेनिया, संजय शाक्य, राहुल बंसल सहित सभी कार्यसमिति के सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

## भाजपा नैपरी मण्डल की कामकाजी बैठक संपन्न



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मण्डल नैपरी की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी ब्रजेश बंसल उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष हरिविलास धाकड़ ने की। बैठक में पार्टी की बूथ विस्तारक योजना, कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी समारोह, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने तथा 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्राम केन्द्र स्तर पर विस्तारक मनोनीत किए गए। इस अवसर पर मण्डल बैठक में रामहेत धाकड़, नीरज शुक्ला, पूरन चंद बैरागी, रामखिलाड़ी धाकड़, निहाल सिंह सिकरवार, पातीराम जाटव, बांकेलाल जाटव, राजेश शाक्य, देवेन्द्र सिंह सिकरवार, हरेंद्र सिंह धाकड़, यादवेन्द्र बैरागी, श्याम शुक्ला, पवन गौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीपुरुषोत्तम धाम का वास्तु पूजन कार्यक्रम का समारंभ आज

**मुरैना।** नवनिर्मित श्रीपुरुषोत्तम धाम मंदिर मुरैना गांव में वास्तु पूजन कार्यक्रम का समारंभ आज 13 दिसम्बर 21 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा जो 3 दिन तक चलेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वैष्णव आचार्य गोवर्धनेश जी महोदय दर्शन बाबा साहब के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय की रीति-नीति के अनुसार संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु अंचल के सभी वैष्णव संप्रदाय के अनुयायियों एवं भक्तजन से आवान किया जाता है। कि वह कार्यक्रम में पहुंच कर दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



यह जानकारी मंदिर समिति द्वारा दी गई है। मंदिर समिति ने अभी बताया कि आगामी 7 फरवरी से 14 फरवरी तक मंगल पाठ उत्सव (भावप्रतिष्ठा) का आयोजन भी किया जाएगा इसकी तैयारियों हेतु भी समस्त वैष्णव समाज के साथ चर्चा की जावेगी। इसलिए समस्त वैष्णव संप्रदाय के अनुयाई जन सुबह मंदिर में होने वाले आयोजन में शामिल होकर आचार्य श्री के प्रवचन कार्यक्रम का धर्म लाभ प्राप्त करें।

## लायंस क्लब मुरैना वेस्ट का निःशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

**मुरैना।** लायंस क्लब मुरैना वेस्ट ने आज नव ज्योति नैत्रालय नैनागढ़ पर स्व. मोहनलाल गर्ग की याद में एक नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ जतिन गर्ग ने लगभग 700 मरीजों का परीक्षण किया और उनमें से मोतियाबिंद आपरेशन के लगभग 150 मरीज चयनित किए जो कि निःशुल्क किए जा रहे हैं। इस दौरान सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मे ओर दवाई का वितरण किया गया।



इस अवसर पर रीजन 9 के आर सी लॉयन राजेश बांदिल एवं लॉयन तुलसी दास सिंघल, जेड सी लॉयन मनोज सिंघल, जेड सी लॉयन नीधि गुप्ता क्लब अध्यक्ष एडवोकेट सपना बंसल, सचिव अनुराधा शर्मा, लॉयन इकबाल गौरी, राजेश गुप्ता, विवेक मित्तल, अमित गुप्ता, मनोज अग्रवाल, संजय गोयल, डॉ विजय झिंगन, खेमचंद मितल, चंचल गर्ग आदि ने अपनी सेवाएं इस शिविर में उसे सफल बनाया।

# सवारी बस ट्रक से टकराई, 1 दर्जन से अधिक घायल

**मुरैना।** रविवार की शाम एक शादी समारोह से बस में लौट रहे एक ही परिवार के एक दर्जन से अधिक लोग बस के ट्रक से टकरा जाने के कारण घायल हो गए और बस क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम 4 बजे के लगभग देवरी गांव से आगरा की ओर शादी समारोह में शनिवार को एक ही परिवार के तमाम लोग गए हुए थे और रविवार को शादी कर बस से गांव लौट रहे थे, तभी सिकरौदा नहर के आगे एक ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए और पीछे से आ रही बस उससे टकरा गई तथा क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक जप्त कर लिया है। घायलों में बस ड्राइवर सागर यादव पुत्र प्रदीप यादव 22 वर्ष जीगनी, हरिओम पुत्र रामस्वरूप दंडोतिया उम्र 45 वर्ष निवासी देवरी, कमलाकृष्ण पुत्र रामस्वरूप दंडोतिया उम्र 60 वर्ष निवासी देवरी, उर्मिला पत्नी राकेश दंडोतिया उम्र 40 वर्ष निवासी देवरी, सुमन पत्नी हरिओम दंडोतिया उम्र 38 वर्ष निवासी देवरी, कुमारी शैली



पुत्री राधाचरण दंडोतिया उम्र 23 वर्ष निवासी देवरी, सुशीला पत्नी रघुवर दयाल दंडोतिया उम्र 45 वर्ष निवासी देवरी, राधा पत्नी बनवारी उम्र 40 वर्ष निवासी केशव कॉलोनी मुरैना, बृजेश पुत्र कमला कृष्ण दंडोतिया उम्र 30 वर्ष देवासी देवरी, रूद्रेश शर्मा पुत्र मायाराम शर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी अंबाह, वीरेंद्र पुत्र कमला कृष्ण दंडोतिया उम्र 45 वर्ष निवासी देवरी शामिल हैं।

# शानदार एवं रोमांचक मैच में रोटरी क्लब चम्बल रहा विजयी

**मुरैना।** प्रति वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी प्रगति विद्या पीठ ग्वालियर मैदान पर रोटरी क्लब लौरेल्स ग्वालियर द्वारा आयोजित इंटर रोटरी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का मैच रोटरी क्लब चम्बल एवं रोटरी क्लब सेंट्रल 1 ग्वालियर के बीच खेला गया, जिसमें रोटरी सेंट्रल 1 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 98 रन बनाए। रोटरी क्लब चम्बल की ओर से डॉ अमरीश शर्मा एवं रोहित बंसल ने शानदार गेदवाजी की तथा आशीष डंडोतिया ने शानदार फील्डिंग करते हुए 2 शानदार कैच भी पकडे। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोटरी क्लब चम्बल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 8 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया, रोटरी क्लब चम्बल की ओर से बल्लेवाज राजकुमार यादव ने नॉट आउट रहकर सर्वाधिक 50 रन बनाए, वहीं दूसरी ओर रोहित बंसल ने 39 रनों की शानदार नॉट आउट पारी खेली एवं 3 विकेट भी लिए, उन्हें आज का मैन ऑफ द मैच चुना गया। आज के क्रिकेट मैच में रोटरी क्लब चम्बल की टीम में आनंद गुप्ता (अध्यक्ष), आकाश चाँदिल (सचिव), रामू बंसल, कौशल सिंघल, अभय परमार, आशु श्रीवास्तव, कुशल वर्मा, जुगल वर्मा, डॉ अमरीश शर्मा, आशीष डंडोतिया, रोहित बंसल, राजकुमार यादव, मयंक सेठी, दीपक गोयल, अखिल गोयल, प्रियम मित्तल आदि सदस्य शामिल हुए।




## सरसों का बीज अमानक पाये जाने पर क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक पाये जाने पर सरसों का बीज क्रय विक्रय, भण्डारण एवं अन्य स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध ल्गाया है। यह प्रतिबंध उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचाल्क अनंत बिहारी सड़ैया ने ल्गाया है। श्री सड़ैया ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी सीड वर्क इन्टरनेशन प्रालि मेडचाल मल्कान गिरि तेल्गाना का सरसों/कृष्णा-721 बीज विक्रय जैन बीज भंडार सब्जी मंडी रोड़ अम्बाह से किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना ल्यिा गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस बीज का ल्टॅट क्रमांक 114860026 और लैव टेस्ट नंबर एल्-250-21-आर का जिले में क्रय विक्रय भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक ल्गाई है।

# भारतीय जनता पार्टी देश का एकमात्र लोकतांत्रिक राजनीतिक दल है: डॉ योगेशपाल

### भाजपा नगर मंडल पश्चिम की कार्यसमिति बैठक संपन्न

**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ समस्त मंडलों की कार्यसमिति बैठक संपन्न कराने का आह्वान किया, जिसके निमित्त भाजपा नगर मंडल पश्चिम के द्वारा कार्यसमिति बैठक सरस्वती शिशु मंदिर पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रुप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर सिंह पटेल, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंसाना, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश



खटीक, मंडल अध्यक्ष नितीन गुप्ता, पूर्व पार्षद सजंय शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री दिनेश शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त सजंय शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे विश्व में एक मात्र लोकतांत्रिक राजनैतिक दल है। भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में टीकाकरण अभियान सबसे तेज गति से चल रहा है। श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की ताकत पूरा विश्व देख रहा है। वहीं शिवराज सरकार के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश सभी राज्यों से आगे है फिर चाहे किसान की फसल खरीद का मामला हो या बिजली आपूर्ति का। मध्य प्रदेश आज बीमारू राज्य से प्रगतिशील राज्य में परिवर्तित हुआ है। यह सब कार्यकर्ताओं की बदौलत हुआ है और आगे भी इसी प्रकार प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी का सहयोग करना है। हर नगर केंद्र से विस्तारक निकालना एवं उन्हें मतदान केन्दों तक भेजकर अपना मतदान मजबूत करना अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना है। इस मौके पर माला सिंह, अजय तोमर, हरिप्रसाद खटीक, अभिषेक गांगील, दिलीप डंडोतिया, सोनेराम प्रजापति, राहुल पचौरी, टिन्कू डंडोतिया, मीना गुर्जर, मीना भदौरिया, अमित उपाध्याय, हरिओम राठौर, कम्पोटर राठौर, विवेक मिश्रा, अनिल शर्मा, गिर्राज पाठक, रवींद्र बैसला, शैलेश श्रीवास, दीपू व्यास, गौरव तोमर, आयुष सिकरवार, दिलीप दनेलिया, महेंद्र शर्मा, विवेक परिहार, मोहित जैन, रामकुमार यादव, मनीष शर्मा, अरुण यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीडीसीए मैदान में यूथ क्लब को पराजित कर सिंधिया गर्ल्स क्लब बना चैम्पियन



**साक्षी व हर्षिता ने की विस्फोटक बल्लेबाजी तो वहीं अनन्या ने ढहाया गेंद से कहर**

**मुरैना।** चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में करुआ गांव स्थित क्रिकेट मैदान में चल रहे गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सिंधिया क्लब मुरैना की टीम ने यूथ गर्ल्स क्लब की टीम को 75 रनों के बडे अंतर से हराकर फाइनल की ट्रॉफी जीत ली है। सिंधिया गर्ल्स क्लब व सिंधिया गर्ल्स की टीम के बीच मुकाबले में सिंधिया क्लब की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टीम की ओर से हर्षिता सिंह ने 52 एवं साक्षी तिवारी ने 68 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। वहीं उनका साथ अन्य खिलाडियों ने भी बखूबी निभाया। सिंधिया गर्ल्स क्लब ने निर्धरित 40 ओवर में 235 रन बनाए। 235 रन का पीछा करने उतरी यूथ क्लब की शुरूआत अच्छी नहीं रही, एक-एक कर ताश के पत्तो की तरह पूरी टीम जल्दी आउट हो गई। यूथ क्लब की ओर से सर्वाधिक 80 रन नेहा रघुवंशी ने बनाए। सिंधिया गर्ल्स क्लब की सबसे सफल गेंदबाज कप्तान अनन्या सिंह रहीं, जिहोंने 3 विकेट हासिल किये। इस तरह फायनल मुकाबले में सिंधिया क्लब ने यूथ क्लब को 75 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

# प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचायें योजना का लाभ : संजीव जैन

### 5 जनवरी तक चलेगा शहर सरकार आपके साथ अभियान

**मुरैना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शहर सरकार आपके साथ अभियान का संचालन 15 नवंबर से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नगर निगम सीमा क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जो पात्र हो कर भी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए। हितग्राहियों के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने विशेष अभियान आपकी सरकार-आपके साथ चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आपकी सरकार आपके साथ अभियान मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जो हितग्राही मूलक योजना के पात्र हितग्राही है। वह योजना के



लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, ऐसे पात्र हितग्राहियों का चयन वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर किया जा रहा है तथा मौके पर ही योजना का लाभ संबंधित को दिया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री जैन ने बताया कि इस कार्य हेतु नगर निगम सीमा क्षेत्र के अलग-अलग वार्डो में नोडल अधिकारी, दल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं एवं अन्य कर्मचारियों के भी ड्यूटी इस कार्य हेतु लगाई गई है। नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी 47 वार्ड में 15 जनवरी तक आपकी सरकार आपके साथ अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है और शिविरों में काफी संख्या में पात्र हितग्राही भी पहुंचकर अपना पंजीयन करा रहे हैं व मौके पर ही योजना का लाभ के संबंधित दस्तावेज तैयार किए जा रहा हैं। संबंधित को योजना का लाभ तत्काल दिया जा रहा है। शिविर का आयोजन 15 जनवरी तक सभी वार्ड में किया जाएगा। निगमायुक्त ने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जो भी पात्र हितग्राही जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेने से रह गए हैं वे शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लें। शिविरों में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आवास योजना, जल-नल योजना, लाडली लक्ष्मी योजना आदि का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने शहर की जनता से अपील है कि आपकी सरकार आपके साथ अभियान के शिविरों में पहुंचकर अपना पंजीयन कराएं व योजना का लाभ उठाएं।

# मुख्यमंत्री चौहान ने स्व. वर्मा के गृह नगर पहुँचकर दी श्रद्धांजलि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**शहीद श्री जितेंद्र कुमार वर्मा के परिवार को एक करोड़ की सम्मान निधि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी शहीद की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए बनेगा स्मारक गाँव के विद्यालय का नाम शहीद जितेन्द्र वर्मा के नाम पर होगा**

**सीहोर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के दिवंगत नायक जितेंद्र कुमार वर्मा के गृह ग्राम धामंदा पहुँचकर शोक संवेदनाएँ व्यक्त की और शहीद श्री वर्मा के पार्थिव शरीर को कांधा दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर शहीद के सम्मान में सेल्यूट भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान सहित जन-प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने नम आँखों से शहीद जितेन्द्र को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहीद जितेन्द्र वर्मा भारत माँ के वीर सपूत थे, जो अंधेरे में भी निशाना लगाकर दुश्मन का काम तमाम करने वाले श्रेष्ठ स्नाइपर थे। सीहोर जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है कि ऐसे महान वीर सेना के शौर्य के प्रतीक जनरल बिपिन रावत के साथ रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहीद जितेन्द्र वर्मा के माता-पिता और उनके परिवार को मैं प्रणाम करता हूँ। यह परिवार हम सबका परिवार है। मध्यप्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता की ओर से मैं अमर शहीद जितेन्द्र कुमार वर्मा के चरणों में सादर नमन करता हूँ।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तमिलनाडु में 8 दिसंबर को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस श्री बिपिन रावत जी के साथ 13 व्यक्तियों में सीहोर जिले के श्री जितेंद्र कुमार वर्मा भी असमय मृत्यु के शिकार हुए थे। शहीद जितेन्द्र जी के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि दी जाएगी। ग्राम के विद्यालय का नाम शहीद के नाम पर होगा। शहीद की धर्मपत्नी को शासकीय सेवा दी जाएगी। शहीद की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए स्मारक बनेगा। शहीद जितेंद्र के बच्चों की शिक्षा का प्रबंध भी होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. जितेंद्र वर्मा के माता-पिता और उनकी पत्नी से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। सीहोर जिले के प्रभारी एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और हज़ारों की संख्या में आमजन ने शहीद श्री जितेन्द्र वर्मा को श्रद्धांजलि दी।



## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के प्रथम आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**बैतूल ।** बैतूल जिले में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैतूल पहुंची जहां महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनकी अगुवानी करते हुए पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया द्य भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता मालवीय के नेतृत्व में समस्त भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनके आगमन पर पुष्प मालाओं एवं गुलदस्ता एवं तिलक कर उनका अभिवादन किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि हम समस्त बहनें आपके नेतृत्व में महिला मोर्चा के संगठन को बैतूल जिले के प्रत्येक मंडल के बूथ केंद्रों पर एक गतिशील बनाते हुए केंद्र और राज्य सरकार की मेला हितैषी योजनाओं एवं संगठन को गति प्रदान करेंगे भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कुमारी माधुरी सावले ने शॉल, श्रीफल एवं तिलक कर उनका स्वागत किया और बधाई दी । महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया स्वागत करने महिला कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बैतूल ममता मालवीय, हेमलता कुंभारे, रेखा शिवहरे, सिल्विया वाडीबा, उमा पवार, साक्षी सतीजा . ममता यादव, सुनीता देशमुख, बिंदु मालवीय, पूनम पाल, माधुरी सावले, ज्योति राठौर, शारदा पाटिल, साक्षी शर्मा एवं जिले की सभी मातृशक्ति उपस्थित थीं ।



## वन-टू-वन

### आज शादियों का आखिरी मुहूर्त

**-16 से शुरू हो रहा खरमास, अब अगले साल में बजेगी शहनाइयां**

**भोपाल।** कोरोना काल में लगाए गए लाकडाउन के खत्म होने के बाद इस सहालग (लगन) में तेजी के साथ विवाह हुए। हालांकि 16 दिसंबर से खरमास शुरू होने के साथ ही एक माह के लिए शादी-ब्याह समेत मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। इस साल 13 दिसंबर को शादियों का आखिरी मुहूर्त है। 14 और 15 दिसंबर को शादियों के कोई मुहूर्त नहीं है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू पंचाग के अनुसार 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है। खरमास को मलमास भी कहा गया है। कहते हैं, खरमास में सारे मांगलिक और धार्मिक कार्य बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में खरमास समाप्त होने तक भगवान शिव की आराधना लोगों के लिए फलदायक होती है। खरमास का यह समय एक माह तक रहेगा। अब इस माह विवाह के सिर्फ दो शुभ मुहूर्त विद्यमान है। इसके बाद अगले साल यानि जनवरी 2022 में मकर संक्रांति के बाद ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो पाएगी। पंडित चातुर नारायाण शास्त्री के अनुसार सूर्य का धनु राशि में प्रवेश 16 दिसम्बर को होगा। धनु की संक्रांति होने के कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार सहित बड़े मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। जब सूर्य धनु राशि और मीन राशि में रहता है, तो वह खरमास कहलाता है। खरमास में मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। इसलिए 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2022 मकर संक्रांति तक मांगलिक कार्यों पर विराम लगा रहेगा।

### अगले साल मार्च में नहीं होंगे विवाह

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अगले साल 15 जनवरी से विवाह कार्यों की शुरुआत होगी। इसके बाद 23 फरवरी तक विवाह के योग रहेंगे, लेकिन 23 फरवरी के बाद गुरु अस्त होने के कारण विवाह कार्यों पर विराम लगेगा। इसी प्रकार मार्च में गुरु अस्त और 15 मार्च से 15 अप्रैल तक खरमास होने के कारण भी विवाह नहीं होंगे। 15 अप्रैल के बाद विवाह कार्यों की शुरुआत होगी। इसके बाद देवशयनी एकादशी तक हर माह विवाह के मुहूर्त रहेंगे।

## महंगाई हटाओ माहा रेली में गोहद से पहुंचे विधायक मेवाराम जाटव के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता।



**गोहद।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा राजस्थान के जयपुर में महंगाई हटाओ महारैली का आयोजन किया गया इस रैली में कांग्रेस पार्टी के पूरे देश से लाखों कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के जयपुर में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी की महंगाई हटाओ महारैली मैं भाग लिया। इसी कड़ी में गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने भी अपनी विधानसभा से एक बस एवं 32 चार पहिया वाहनों से तीन सौ से अधिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर राजस्थान के जयपुर में महंगाई हटाओ महारैली में भाग लिया। रैली के पश्चात विधायक मेवाराम जाटव अपने सभी कार्यकर्ताओं को लेकर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के निवास स्थान पर पहुंचे और उनसे मिलकर अपने विधानसभा के उपचुनाव में सचिन पायलेट की सभा के पश्चात हुई जीत पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें पुनः गोहद में आने के लिए आमंत्रित। इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव के साथ मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, देवीसिंह तोमर, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप गुर्जर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर, उमेश कांकर, शैलेंद्र गुर्जर, गोपाल पचौरी, केशव देसाई, संजीव यादव, राजीव कौशिक, संग्राम सिंह तोमर, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर, साबू खान, रामहेत जाटव, प्रदीप त्रिवेदिया, लालुउद्दीन काजी, सोहिल खान, सुमित त्रिवेदिया, विद्रावन विसारिया, सुधीर जादोन, मालती जाटव, रागिनी चौहान, रामेश्वर यादव, तिलक सिंह राजोरिया, आकाश गोयल, रामसहाय माहौर, बबलू बरैया, बीरेंद्र राणा आदि।

## सर्द रात मे भी रात भर पानी की टंकी पर चढा रहा परिवार

### काफी मशक्कत के बाद नीचे उतरने को तैयार हुआ परिवार

**भोपाल।** राजधानी के गोविंदपुरा इलाके मे स्थित कस्तूरबा नगर हनुमान मंदिर के पास शनिवार शाम करीब सवा पांच बजे पानी की टंकी पर परिवार के साथ चढ़े युवक को पुलिस और नगर निगम समेत एसडीइआरएफ की टीम नीचे उतारने में रविवार दोपहर तक सफल नही हो सकी। अपनी बात पर अडे परिवार ने सर्द रात भी टंकी पर ही गुजारी। रविवार सुबह पड़ोस के परिवार ने टंकी पर चढ़े परिवार को चाय, नाश्ता पहुंचाया। नाश्ता करने के बाद परिवार के सदस्य टंकी पर धूप में बैठ गए। इस दौरान परिवार और पुलिस ओर प्रशासन के अफसरो द्वारा की गई बातचीत भी नाकाम रही। पुलिस और आलाधिकारी समेत रेस्क्यू टीम इस कोशिश मे रही किसी तरह से परिवार को पानी की टंकी से सकुशल नीचे उतारा जाये। करीब चौबीस घंटे बाद रविवार शाम को पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियो ने परिवार को आशवसान दिया कि उकी शिकायत पर जल्द ही उचित कार्यवाही की जायेगी, जिसके बाद टंकी पर चढा परिवार नीचे उतरने को तैयार हुआ। गौरतलब है कि रीतेश गिरी गोस्वामी (47) भोजपुर रायसेन का रहने वाला है। शनिवार शाम करीब साढ़े पॉच बजे के आसपास वह अपनी पत्नी सीमा और तीन बच्चों को लेकर कस्तूरबा नगर, हनुमान मंदिर के पास पानी की टंकी पर चढ़ गया। आसपास के लोगों की नजर जब परिवार पर पड़ी और उन्होंने पुलिस इसकी जानकारी दी। यह परिवार तीन महीने पहले भी पानी की टंकी पर चढ गया था, ओर पिछली बार की तरह इस बार भी पुलिस ने टंकी पर चढ़ने का प्रयास किया तो युवक ने परिवार समेत नीचे कूदने की धमकी दे डाली।

## स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रान्त विभाग ग्वालियर ने बीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि पर की श्रधांजलि सभा

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** उपरोक्त जानकारी स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रान्त जिला ग्वालियर के संयोजक श्री के सी शर्मा से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ती के अनुसार स्वदेशी जागरण मंच विभाग ग्वालियर के कार्यकर्ताओ ने स्वदेशी के प्रथम बलिदानी श्रधेय बाबू गेनू जी के बलिदान दिवस 12 दिसंबर को श्रधांजलि सभा लक्ष्मीबाई की समाधि पर की। इसी के साथ भारत की तीनो सेना प्रमुख सी एस डी श्री विपिन रावत जी एवं अन्य अधिकारी , सैनिक तथा उनकी पत्नि का विमान हादसे में शहीद होने से श्रधांजलि दी गई। स्वदेशी जागरण मंच विभाग टीम के संपर्क प्रमुख श्री सतेन्द्र दुबे की माता जी के निधन पर श्रधाजलि दी गई। श्रधांजलि सभा में मध्यभारत प्रान्त के संयोजक श्री श्रीकांत बुधोलिया जी ने श्रधेय बाबू गेनू जी के बलिदान और उनके विचारो पर प्रकाश डाला। मध्यभारत प्रान्त के संगठक श्री केशव दूबोलिया जी ने स्वदेशी के कार्यकर्ताओ के कर्तव्य साझां किये।अमर शहीदो के विमान हादसे में शहीद हुए तीनो सेना प्रमुख श्री



विपिन रावत जी एवं हादसे में शहीद जवानो की शहादत पर विचार श्री लोकेन्द्र सिंह कामर जी ने व्यक्त किये। श्रधांजलि सभा का संचालन जिला ग्वालियर के सह संयोजक डा अमृत राजे ने किया। श्रधांजलि सभा में मध्यभारत प्रान्त के संयोजक श्री श्रीकांत बुधोलिया, मध्यभारत प्रान्त के संगठक श्री केशव दूबोलिया, मध्यभारत प्रान्त के प्रचार प्रमुख एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यपरिषद श्री संजीव गोयल, राष्ट्रीय कार्यपरिषद के सदस्य श्री आर पी माहेश्वरी, मध्यभारत प्रान्त के कार्यकारिणी सदस्य एवम विस्तारक श्री महेन्द्र शर्मा, विभाग ग्वालियर के संयोजक डा लोकेन्द्र सिंह कामर जिला ग्वालियर के संयोजक के सी शर्मा जिला लश्कर के संयोजक महंत कौस्तुभ शर्मा एडवोकेट, नगर मुरार के संयोजक श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत नगर ग्वालियर के संयोजक श्री पुष्पराज सिह सिकरवार वरिष्ट सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय कार्यपरिषद सदस्य श्री श्रीराम गोयल,डा गोपाल गुप्ता , प्रदीप लक्षणे,विवेक पुरोहित,श्री किशन सिंह तोमर। विस्तारक श्री राजेश पचौरी जी, श्री शिवेंद्र कौरव जी, एवम कार्यकर्ता श्री रामप्रकाश जी , श्री पी सी निरंजन , श्री शिवम निरंजन एवं स्वदेशी जागरण मंच के अन्य कार्यकर्ता श्रधांजलि सभा में शामिल हुए।

## सनसनीखेज अंधे कत्ल का हुआ खुलासा एक आरोपी को किया गिफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव मेहगांव अंधे कत्ल का खुलासा श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शेलेन्द्र सिंह चौहान , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन मे एवं श्री मान अनुविभगीय महोदय श्री आर . के . एस . राठौर के मार्गदर्शन में थाना मेहगांव के अपराध क्रमांक 461/21 धारा 302,201 ताहि . का मेहगांव पुलिस द्वारा अंधे कत्ल के आरोपी को गिफ्तार कर खुलासा किया गया । दिनांक 30/11/21 की सुबह ग्वालियर रोड नारोलिया के मकान के पास शोल्डर के नीचे ढलान पर म्रतक संतोष पुत्र सुमेर चंद्र नि . मेहगांव का शव मिला । म्रतक की एक चप्पल शव के पास तथा दूसरी चप्पल म्रतक की सफेद रंग की अल्टो कार जो म्रतक के शव से करीब 03 किलोमीटर दूर ऋषि उपज मंडी के प्रागंण मे खडी मिली थी । प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य मिटाने का पाया जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना मेहगांव मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।



दौराने विवेचना म्रतक के परिजनो द्वारा म्रतक की बताई गई दिनचर्या का अवलोकन कर मृतक के दोस्तो एवं जानने वालो से पूछताछ कर उनके मोबाईल सीडीआर एवं सीसीटीवी कैमरो फुटेज का एनालाईज किया किया । मेहगांव पुलिस अपने लगातार अथक प्रयासों द्वारा मृतक संतोष की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी को ज्ञात करने में सफल रही । मेहगांव पुलिस द्वारा हत्या करने वाले आरोपी रिंकु उर्फ हरिमोहन शिवहरे पुत्र सीताराम शिवहरे को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । आरोपी ने पुलिस अभिरक्षा मे बताया कि म्रतक आरोपी का दोस्त है और मृतक ने आरोपी की पत्नी के संबंध मे अपशब्द अश्लील शब्द कहे जिससे आरोपी के अहं को ठेस पहुंची और रिंकु शिवहरे ने मन में ठान लिया कि आज किसी भी हालत मे संतोष को खत्म करना है पहले जुआ खेलने के बहाने संतोष को बुलाने का प्रयास किया परन्तु इसमे सफल न होने पर साथ पीने के बहाने बुलाया । दोनो ने कार में बंद पडे पेट्रोल पंप के सामने शराब पी । शराब पीने के बाद कहा कि भिण्ड आते समय रास्ते मे क्याश्च बोल रहा था वो बात एक बार फिर से रिपीट करो इस पर स्वतक संतोष हंसने लगा कुछ नहीं बोला फिर आरोपी ने पुनः कहा कि एक बार बोल कर बता तो संतोष ने उस बात को दोहराया उसी समय आरोपी ने दाहिने हाथ से संतोष का गला गबा दिया एक हाथ से बाई जेब मे रखे रस्सी के टुकड़े को निकाल कर संतोष की गर्दन पर कस दिया और दोनो हाथो से दबाते हुए उसका मुंह अपनी गोद मे रख कर तब तक दबाए रखा जब तक संतोष की मृत्यु नहीं हो गई और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतक का मोबाईल अपने पास रख लिया । पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से मृतक के मोबाइल के साथ छेडछाड की म्रतक के शव को ग्वालियर रोड पर फेंक दिया । अंधे कत्ल को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक डी.बी.एस तोमर थाना प्रभारी मेहगांव , उपनिरीक्षक परशुराम अहिरवार , उपनिरीक्षक अरविंद सिकरवार , उपनिरीक्षक आरती राठौर , प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी , आरक्षक प्रदीप , आरक्षक पदम की रही एवं सायबर सेल भिण्ड प्रभारी उपनिरीक्षक शिव प्रताप राजावत , रामराज सिंह गुर्जर दिवान जी आरक्षक आनंद , आरक्षक महेश की उल्लेखनीय भूमिका रही

## तीसरी लहर में भी रेमडेसिविर इंजेक्शन की मारामारी की आशंका

**- ब्लैक फंगस और रेमडेसिविर इंजेक्शन के लिए की पहल**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर की बढ़ती आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिला अस्पतालों को सुविधा संपन्न बनाने की कवायद पूरी कर ली है। दूसरी लहर में रेमडेसिविर, ब्लैक फंगस के इंजेक्शनों के लिए जबर्दस्त मारामारी हुई थी और इस बार भी ऐसा होने की आशंका है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने ये इंजेक्शन भी स्टोर कर लिए हैं। जिला अस्पतालों में होंगी मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधाएं– राज्य सरकार का दावा है कि इस बार ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा होगी और आरटीपीसीआर सहित अन्य जांचें भी शुरू हो जाएंगी। सरकार का यह प्रयास होगा कि मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधाएं जिला अस्पतालों में उपलब्ध कराई जाएं जिससे मेडिकल कालेजों के बोझ को हल्का किया जा सके। मेडिकल कॉलेजों का जब बोझ हल्का होगा तो वे जिला अस्पतालों में सुपरविजन का काम करने लगेंगे। जो मरीज मेडिकल रेफर किए जाएंगे, वे इनका समुचित इलाज कर पाएंगे। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता पर सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है. इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने दो लाख इंजेक्शन स्टोर कर लिए हैं।

**आटीपीसीआर लैब:** कारोना के ज्यादा केस मिलने वाले 34 जिलों के जिला अस्पतालों में आरटीपीसीआर लैब बनाई जाएगी। जिला अस्पतालों को 34-35 लाख रुपए दिए गए हैं। टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। डेडलाइन जनवरी रखी गई है। वर्तमान में यह लैब सिर्फ मेडिकल कॉलेजों में हैं।

**एलएमओ:** 34 जिला अस्पतालों में एलएमओ गैस के टैंक लगाए जाएंगे। कंपनियां लगभग 16 रुपए प्रति क्यूबिक मीटर ऑक्सीजन सप्लाई करेंगी। इस समय मेडिकल कॉलेजों में 50 मीट्रिक टन एलओएम गैस सप्लाई हो रही है।

**टैक्नीशियन भर्ती:** प्रदेश में करीब 204 अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इन प्लांटों को चलाने और ऑक्सीजन फ्लो बरकरार रखने इन अस्पतालों में एक-एक टेक्नीशियन की भर्ती की जा रही है, जो इस माह तक पूरी हो जाएगी। आइटीआइ पास 300 युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

# स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी, स्वयं करें अपने आसपास साफ सफाई : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर





ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को सिविल अस्पताल हजीरा में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा जहां भी गंदगी दिखी स्वयं श्रमदान कर सफाई की। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है तथा अपने आसपास की साफ-सफाई हमें स्वयं करनी चाहिए, साथ ही दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वच्छता के प्रति बहुत ही संवेदनशील है। जहां भी उन्हें गंदगी दिखाई देती है वह स्वयं ही सफाई में लग जाते हैं। इसके साथ ही दूसरों को भी हमेशा स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हैं। रविवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था प्रथम दृष्टया हमेशा से बेहतर दिखी तो ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वच्छता व्यवस्था के लिए कार्यरत कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया तथा अस्पताल के भ्रमण के दौरान जहां भी गंदगी दिखी स्वयं ही उन्होंने श्रमदान कर सफाई व्यवस्था संभाली। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने भी श्रमदान कर अस्पताल में सफाई की।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 13 दिसम्बर को पुलिस आवास गृहों का करेंगे लोकार्पण

ग्वालियर। प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 13 दिसम्बर को एक दर्जन अराजपत्रित एवं 48 आरक्षक आवास गृह का लोकार्पण करेंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्र के मुख्य आतिथ्य में इस दिन सायंकाल 4 बजे कम्पू स्थित पुलिस रेडियो जोन परिसर में इन आवास गृहों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। इन आवास गृहों का निर्माण मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत किया गया है। पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा ये आवास बनाए गए हैं। पुलिस कर्मचारियों के इन आवास गृहों के लोकार्पण कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर तथा क्षेत्रीय विधायक श्री प्रवीण पाठक को बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया है।

### अभ्यर्थियों को विद्युत वितरण कम्पनियों का अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा

ग्वालियर। पंचायत निर्वाचन 2021-22 के तहत त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों को अपने नाम निर्देशन-पत्र के साथ संबंधित मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी को देय समस्त देनदारियों (शोध्यों) का अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर नाम निर्देशन-पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि अदेय प्रमाण-पत्र नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा के लिये निर्धारित तिथि एवं समय तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को दिये जा सकते हैं। अदेय प्रमाण-पत्र 6 माह पूर्व की देय राशि के संबंध में प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को अदेय प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में असुविधा न हो, इसके लिये प्रत्येक विद्युत वितरण केन्द्र पर सुविधा काउंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिये गये हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के नाम से विद्युत कनेक्शन नहीं है, तो उन्हें ÷वितरण केन्द्र के रिकार्ड अनुसार आवेदक का कोई विद्युत कनेक्शन नहीं होना पाया जाता' ऐसा पत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा जारी किया जायेगा।

### प्रथम और द्वितीय चरण के पंचायत चुनाव के लिये 13 दिसंबर से भरे जाएंगे नाम निर्देशन-पत्र

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बंसत प्रताप सिंह ने बताया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन वर्ष 2021-22 के प्रथम और द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन-पत्र भरने की प्रक्रिया 13 दिसंबर को शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने के लिए सभी तैयारियाँ जिलों में पूरी कर ली गई हैं। पंचायत निर्वाचन के प्रथम और द्वितीय चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 13 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 30 दिसम्बर को शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 20 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 6 जनवरी है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 21 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 7 जनवरी को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 23 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 10 जनवरी को अपराह्न 3 बजे तक है।

# एनसीसी कैडेट स्वच्छता अभियान से भी जुड़ें और लोगों को जोड़ें : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना



### बाल भवन में एनसीसी कैडेटों का एक दिवसीय सेमीनार आयोजित

ग्वालियर। संभाग आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने एनसीसी कैडेटों को स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया है। प्रत्येक कैडेट अपने स्तर से 10-10 नागरिकों की टोलियां बनाकर स्वच्छता के कार्य में अपना योगदान दें। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने रविवार को बाल भवन में शासकीय आदर्श महाविद्यालय ग्वालियर के तत्वावधान में एनसीसी आर्मी विंग के एक सेमीनार में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

बाल भवन में आयोजित इस सेमीनार में मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर श्री राजेश गंगेले, सेवानिवृत अध्यक्ष 24 एसएमबी बैंगलोर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर जनरल डॉ. एस सी जैन बीएसएम ने की। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, कार्यक्रम संयोजक मेजर डॉ. अशोक सिंह चौहान सहित कॉलेज के प्राध्यापकगण और ब?ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी में अनुशासन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में एनसीसी की भागीदारी को भी सिखाया जाता है। एनसीसी कैडेट कानून व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्य में भी एनसीसी कैडेटों को ब?-च?कर भागीदारी करना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के संयोजक मेजर डॉ. अशोक चौहान ने एनसीसी के इतिहास पर संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में एनसीसी कैडेटों की संख्या लगभग 15 लाख है। कैडेट सामाजिक रूप से जु?कर राष्ट्र सेवा के कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर श्री राजेश गंगेले ने कैडेटों का मनोबल बढ़ाते हुए सेना में कैडेट कैसे अधिकारी बन सकते हैं, उसकी पूरी जानकारी दी। इसके साथ पावर प्वॉइंट प्रजेण्टेशन के माध्यम से सेना में शामिल होने के लिये क्या-क्या तैयारियां की जाती हैं, इसके संबंध में बताया।

सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए मेजर जनरल डॉ. एस सी जैन ने कैडेटों को राष्ट्रीय निर्माण एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही कैडेटों को राष्ट्र निर्माण में निस्वार्थ भाव से जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया।

सेमीनार में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने स्वच्छ ग्वालियर-स्वस्थ ग्वालियर अभियान के संबंध में निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी एनसीसी कैडेटों को जु?ने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी एनसीसी कैडेट न केवल स्वयं जु?ें बल्कि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में जो?ने का कार्य भी करें।

सेमीनार के प्रारंभ में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सूबेदार जनरल जरनैल सिंह एवं सीनियर अण्डर ऑफीसर अरूण तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सेमीनार के संरक्षक प्राचार्य श्री बी पी एस जादौन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भाजपा के सभी नौ मंडलों में दिखाया जाएगा

#### मोदी 13 दिसंबर को करेंगे काशी में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन

ग्वालियर। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कल 13 दिसंबर को बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी काशी में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन करने जा रहे हैं। दिव्य काशी-भव्य काशी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 11 बजे ग्वालियर जिले के सभी नौ मंडलों में चिन्हित शिव मंदिर, मठ आश्रम, धार्मिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक मंडल में धर्माचार्य, साधुसंत भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने दी। हेमूकालानी मंडल में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नागदेवता का मंदिर, बालाबाई की छत्री पर दिखाया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी तथा मधुसूदन पाठक जी उपस्थिति रहेंगे। स्वामी विवेकानंद मंडल में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शिव मंदिर, फालका बाजार में दिखाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह तथा परमाधार गुरू जी मौजूद रहेंगे।









### पंचायत चुनाव में अंचार संहिता में प्रावधान नियम का पालन कराया जाए

#### तीन साल से अधिक समय से कभी ग्रामीण एवं फिर शहरी क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों को हटाया जाए

ग्वालियर। मप्र राज्य निवार्चन आयोग के आयुक्त उचेमब/उचण्हवअण्पदए इेग्रंउवक/उचण्हवअण्पद को भेजे गऐ ईमेल पत्र में ग्वालियर विकास प्राधीकरण के पूर्व संचालक राजकुमार शर्मा ने कहा कि 4 दिसंबर को पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही आंचार सहिंता लागू हो गई है इसमें यह प्रावधान नियम है कि 3 साल से अधिक समय से जो जिस जिले में पदस्थ है उन्हें हटाया जाएगा। मप्र राज्य निवार्चन आयोग के आयुक्त उचेमब/उचण्हवअण्पदए इेग्रंउवक/उचण्हवअण्पद को भेजे गऐ ईमेल पत्र में ग्वालियर विकास प्राधीकरण के पूर्व संचालक राजकुमार शर्मा ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव के समय ग्वालियर जिले के जो अधिकारी डबरा भितरवार, मुरार ग्रामीण क्षेत्र मे पदस्थ थे वही अधिकारी आज शहरी क्षेत्र में पदस्थ है, ऐसे अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478